

MPHIN/2021/83938

दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 138
ग्वालियर,28 जनवरी रविवार 2024
पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

कांग्रेस ने बार-बार नीतीश कुमार का किया अपमान सुशासन बाबू की पल्टी पर का छलका दर्द

नई दिल्ली ।बिहार में सियासी बदलाव को लेकर हलचल तेज है... प्रदेश की तीनों मुख्य राजनीतिक दलों में बैठकों का दौर भी जारी है. इसी बीच जनता दल (यूनाइटेड) के राजनीतिक सलाहकार और प्रवक्ता के.सी त्यागी ने सीएम नीतीश को लेकर बड़ा बयान दिया है. दरअसल उन्होंने शनिवार को कांग्रेस पर राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बार-बार ÷अपमान÷ करने का आरोप लगाया है. साथ ही त्यागी ने दावा किया कि, ब्लॉक पतन के कगार पर है.जदयू के प्रवक्ता के.सी त्यागी ने कहा कि, ÷सर्वशक्तिशाली÷ भाजपा सब्लॉक कैसे लड़ पाएगा, ये सीएम नीतीश नहीं देख पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि, पंजाब, पश्चिम बंगाल और बिहार में ब्लॉक पार्टियों का गठबंधन लगभग खत्म हो गया है. सीएम नीतीश कभी भी गठबंधन में किसी पद के लिए लालायित नहीं रहे, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के एक वर्ग ने बार-बार उनका अपमान किया है.

नीतीश कुमार विफल हो गए-त्यागी ने कहा कि जद (यू) अध्यक्ष कुमार जिस लक्ष्य और इरादे के साथ गैर-कांग्रेसी दलों को कांग्रेस के साथ लाने में सफल हुए, वे विफल हो गए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि कुमार को ÷गलत समझा गया÷. गठबंधन की आलोचना करते हुए त्यागी ने कहा कि, कुमार पटना में कई दलों को एक साथ लाने में सफल रहे, लेकिन पूरी प्रक्रिया इतनी धीमी हो गई कि लोकसभा चुनाव नजदीक आने के बावजूद गठबंधन ने नेतृत्व और एजेंडे पर कोई संयुक्त बैठक नहीं की.

अगर ये अफवाह हकीकत साबित हुई तो-गौरतलब है कि, जद (यू) के वरिष्ठ नेता के.सी त्यागी का ये बयान ऐसे वक्त मे आया है, जब बिहार सीएम नीतीश राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन छोड़ने और भाजपा के नेतृत्व वालेमें लौटने की योजना बना रहे हैं. बता दें कि, अगर सीएम नीतीश से जुड़ी ये अफवाह हकीकत साबित हुई, तो यह उनका पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा ऐसा कदम होगा.

सीएम नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे अमित शाह! कल पटना के लिए होंगे रवाना...

नई दिल्ली ।बिहार में जारी सियासी उठापटक के बीच बड़ी अपडेट आ रही है. खबर है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कल यानि 28 जनवरी को पटना में बड़ी बैठक कर सकते हैं. इस बैठक में शाह, बिहार में जारी राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे. साथ ही बकौल सूत्र कयास लगाए जा रहे हैं कि, अमित शाह, नीतीश कुमार के सीएम पद शपथ ग्रहण समारोह में भी शरीक हो सकते हैं. इसके अतिरिक्त, बिहार के मंत्रिमंडल को लेकर भी शाह का अहम फैसला आ सकता है...गौरतलब है कि, फिलहाल सभी की निगाहें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर टिकी हैं. जद (यू) अध्यक्ष तीन साल से भी कम समय में अपने दूसरे राजनीतिक उलटफेर की ओर बढ़ते दिख रहे हैं. बता दें कि यह उनका पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा ऐसा सियासी कदम है.

बिहार में शाह की पैनी नजर-मालूम हो कि, बिहार में संभावित राजनीतिक संकट को लेकर बीते कई दिनों से लगातार कांग्रेस, जदयू और राजद में बैठकों का दौर जारी है. वहीं भाजपा आलाकमान खुद इस सियासी बदलाव की बयार पर पैनी नजर बनाए हुए है. बताया जा रहा है कि, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद इसकी पल-पल की अपडेट ले रहे हैं.

पटना में जारी भाजपा कोर कमेटी की बैठक-वहीं बिहार की राजधानी पटना में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अहम कोर कमेटी की बैठक भी जारी है. इस बैठक में बिहार के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय, पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी और बीजेपी बिहार अध्यक्ष सम्राट चौधरी जैसी प्रमुख बीजेपी हस्तियां शामिल हैं. वहीं सूबे की राजनीति में सक्रिय अन्य तमाम राजनीतिक गुट भी लगातार भाजपा केंद्र नेतृत्व के संपर्क में है. जहां राज्य में लगातार बदलते राजनीतिक परिदृश्य के बारे में अटकलें और चर्चाएं की जा रही हैं.

राजभवन में गणतंत्र दिवस पर हुआ स्वागत समारोह

भोपाल ।गणतंत्र दिवस पर राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन योदन ने आगंतुकों के साथ गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। स्वागत समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजभवन पहुँच कर पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना, पद्मश्री से सम्मानित, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र प्रहरी, न्यायाधीश, आयोग, निगम-मंडलों के अध्यक्ष, विश्वविद्यालयों के कुलपति, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू, राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा सेना, पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पत्रकार, गणमान्य नागरिक, प्रतिभावान स्कूली बच्चे, पदक विजेता सामान्य, दिव्यांग खिला?ी, सिविल सेवा के प्रतियोगिता के पदक विजेता अधिकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं के मेरिट होल्डर्स उपस्थित थे।

तेजस्वी आवास पर राजद विधानमंडल दल की बैठक, दिल्ली में अमित शाह के मिले चिराग पासवान

नई दिल्ली-बिहार में दो दिन से जारी सियासी उलटफेर को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर आज विराम लगने के आसार हैं. बिहार की राजधानी पटना में एक तरफ बैठकों का दौर जारी है. राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के घर पर विधानमंडल की बैठक चल रही है. बैठक में सभी विधायकों के फोन बाहर रखा लिए गए हैं. वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी ने शाम 4 बजे बैठक बुलाई है. इधर दिल्ली में बिहार में सियासी हलचल के बीच बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व भी बिहार के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं. शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोजपा रामविलास की पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने मुलाकात की. इसके अलावा आज नीतीश कुमार बक्सर दौरे पर पहुंचे. जहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने उनकी आगवानी की. चौबे ने कहा कि बिहार में वही होगा जो राम चाहेंगे.

लालू से नीतीश ने बात करने से किया इनकार-जानकारी के मुताबिक, नीतीश कुमार बक्सर दौरा कर सीधे पटना लौट गए हैं. बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात तक नीतीश कुमार को बीजेपी का समर्थन मिल सकता है. बिहार में चल रही सियासी उठापठक के बीच राज्य विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर सीएम आवास पहुंचे हैं. जेडीयू के बड़े नेता सीएम आवास पहुंचने लगे हैं, जिनमें ललन सिंह भी शामिल हैं. सूत्रों की मानें तो नीतीश कुमार के बदले तेवर के बाद लालू यादव ने नीतीश को फोन भी मिलाया,

लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में राबड़ी देवी को श्वष्ठ का समन, 9 फरवरी को दिल्ली में पेशी के लिए बुलाया

नई दिल्ली।रेलवे में लैंड फॉर जॉब मामले को लेकर बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी की मुश्किलें बढ़ गई हैं. प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, ह्दयानंद चौधरी, अमित कत्याल ओर दो कंपनियों के खिलाफ समन जारी किया है. अदालत ने इन्हें 9 फरवरी को पेशी को लिए बुलाया है. राबड़ी देवी सहित अन्य को अदालत की ओर से यह समन ऐसे वक्त में जारी किया गया है, जब बिहार में राजनीतिक उठापटक जारी है.प्रवर्तन निदेशालय इस कथित घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच करते हुए हाल ही में चार्जशीट फाइल की थी. श्वष्ठ ने चार्जशीट में राव?ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, ह्दयानंद चौधरी के साथ दो कंपनियों को आरोपी बनाया है. श्वष्ठ ने इस मामले में 4751 पेज की चार्जशीट दायर की है.

कोर्ट ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है. कात्याल हालांकि इस मामले में न्यायिक हिरासत हैं. ईडी की चार्जशीट पर सुनवाई करते हुए राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आदेश जारी करते हुए कहा, संज्ञान लेने को लेकर पर्याप्त आधार हैं.दरअसल, ये पूरा मामला 14 वर्ष पुराना है. इस केस में आरोप है कि तत्कालीन रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव ने रेलवे में नौकरी बदले जमीन ली थी. उस समय देश में यूपीएम की सरकार थी, तब लालू प्रसाद यादव 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे थे. इन आरोपों के साथ सीबीआई ने मामला दर्ज किया. सीबीआई की ओर से दर्ज मामले के अनुसार, रेलवे में ग्रुप डी के पदों पर नौकरी को लेकर पहले सब्स्टीट्यूट के तौर पर भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई. इसके ?बाद जमीन ट्रांसफर करवाने को लेकर उनकी नौकरी स्थाई कर दी गई. सीबीआई की ओर से दर्ज मामले के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया.

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से नाराज 50 से ज्यादा मुस्लिम देश भड़के

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से जहां पूरा देश राममय हो गया है, वहीं पाकिस्तान समेत 50 से ज्यादा मुस्लिम देशों के इससे मिर्ची लगी है. राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से मुस्लिम देशों का संगठन 'इस्लामिक सहयोग संगठन' (ह्ढ्ढष्ट) खासा नाराज है. ओआईसी ने अपने एक बयान में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की निंदा की है. आईओसी ने अपने बयान में कहा कि वो अयोध्या में बाबरी मस्जिद के ध्वस्तीकरण और उसके स्थान पर राम मंदिर निर्माण व उद्घाटन की निंदा करते हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि देश की सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है.

पाकिस्तान का समर्थित संगठन है- के महासचिव ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और उद्घाटन पर चिंता जताई है. इस्लामिक सहयोग संगठन के बयान के अनुसार ह्ढ्ढष्ट के महासचिव ने अयोध्या में पूर्व निर्मित बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किए जाने और उसकी जगह बने राम मंदिर के उद्घाटन की निंदा की. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ह्ढ्ढष्ट एक भारत विरोधी संगठन है. पाकिस्तान इसका सक्रिय सदस्य है. जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर बार-बार पाकिस्तान का साथ देता आया है. इसके साथ ही आईओसी कई बार भारत विरोधी बयान भी जारी कर चुका है. पाकिस्तान आईओसी के मंच पर कश्मीर मुद्दे को उठाने से कभी नहीं चूका है. यहां तक कि उसने आईओसी से कश्मीर में धारा 370 खत्म करने के खिलाफ भी प्रस्ताव पास करा लिया था.

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन-धार्मिक नगरी अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन हो गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई. प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर के कपाट जनसाधारण के लिए खोल दिए गए हैं. वहीं, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं.

मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में प्रारंभ से ही अग्रणी रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की पहचान विश्व गुरु के रूप में रही है। यह हमारा सौभाग्य है कि भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की थी। मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में प्रारंभ से ही अग्रणी रहा है। राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी 55 जिलों में 55 शासकीय महाविद्यालयों का लगभग 485 करोड़ रुपये के निवेश से पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालयों के रूप में उन्नयन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के 100 से अधिक विद्यालयों में रोबोटिक्स एवं कोडिंग के प्रशिक्षण के लिए विशेष लैब स्थापित की जा रही है। नई नीति के अनुरूप युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा के अनेक पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं।

नीतीश कुमार आज शाम 7 बजे देंगे इस्तीफा, रेणु देवी और सुशील मोदी बनेंगे डिप्टी सीएम!

नई दिल्ली।बिहार के सीएम नीतीश कुमार की देर शाम राज्यपाल से मुलाकात संभव है. शाम को इस्तीफा देने की अटकलें तेज हो गई. जेडीयू ने आज शाम 7 बजे सभी विधायकों को पटना आने के लिए कहा है. ऐसा कहा जा रहा है कि लालू यादव 122 का जादुई आंकड़ा छू लें, इससे पहले वह विधानसभा को भंग करने की कोशिश होगी. आरजेडी को सरकार बनाने के लिए बस 8 विधायकों की जरूरत है. जबकि नीतीश कुमार के लिए ये कहा जा रहा है कि वह एनडीए के साथ जा सकते हैं. मीडिया का कहना है कि आज देर शाम नीतीश कुमार राज्यपाल से मुलाकात कर सकते हैं.

2020 के विधानसभा चुनाव फॉर्म्युले को अपनाया-मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सुशील मोदी के साथ रेणु देवी को दोबारा डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है. भाजपा की ओर से 2020 के विधानसभा चुनाव फॉर्म्युले को अपनाया जाएगा. भाजपा ने नीतीश कुमार के एनडीए में आने के स्पष्ट संकेत दिए हैं. गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार का एनडीए में स्वागत किया है. रेणु देवी के साथ दूसरे डिप्टी सीएम में सुशील मोदी, विजय कुमार सिन्हा और नित्यानंद राय के नाम पर चर्चा जारी है. ऐसा कहा जा रहा है

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और रामराज्य लोकतंत्र की आत्मा बन गए है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को भारतीय गणराज्य के 75वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि स्वतंत्र भारत के अमृत महोत्सव के अभूतपूर्व आयोजन के बाद अब गणतंत्र भारत के अमृत महोत्सव का शुभागमन हुआ है। राज्य सरकार की पहल पर पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए जिला पुलिस बैंड की धुन पर बजते देशभक्ति के तराने, देश के लिए जीने और देश के लिए मरने की प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने भारत माता की आजादी के लिए हंसते-हंसते सूली चढ़ने वाले अमर शहीदों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर एवं अन्य सभी संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 75वें गणतंत्र दिवस पर उज्जैन के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झंडा-वंदन कर परेड की सलामी ली तथा शांति के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे छोड़े। इस अवसर पर कलापथक दल द्वारा मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि राष्ट-पर्व के ठीक पहले राष्ट-गर्व के एक महान प्रसंग ने अयोध्या में स्वर्णिम अध्याय रच दिया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल से हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से भारत में राम राज्य की संकल्पना जीवंत और जयवंत हो गई। काल के केन्द्र भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन से 5 लाख लड्डू प्रसाद के रूप में मध्यप्रदेश की मिठास अयोध्या भेजी गई। प्राण प्रतिष्ठा का पर्व पूरे प्रदेश में अध्यात्म और आस्था के उत्सव के रूप में मनाया गया। प्रभु श्रीराम के चरणों में विनयांजलि के रूप में राज्य सरकार ने श्रीराम वन गमन पथ के सभी प्रमुख स्थलों का विकास करते हुए चित्रकूट को विश्व-स्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन स्थल का स्वरूप प्रदान करने का निर्णय लिया है। यहां प्रतिवर्ष रामायण मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इसी प्रकार ओरछा के श्रीराम राजा परिसर में राज्य सरकार श्रीराम राजा लोक के विकास का पुनीत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को हवाई मार्ग एवं रेल मार्ग से भगवान श्रीराम के पावन दर्शन के लिए अयोध्या की यात्रा कराई जाएगी। राज्य सरकार ने उज्जैन में आगामी महाशिवरात्रि पर्व से गुड़ी पड़वा पर्व तक विक्रमोत्सव-2024 और विशाल व्यापार मेले के आयोजन का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की संकल्प-शक्ति से 140 करोड़ भारतवासियों की सदियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई और एक नई आध्यात्मिक शक्ति का उदय हुआ है।

दुनियाभर में नजर आ रही प्राण प्रतिष्ठा की धूम, कैलिफोर्निया में जबरदस्त कार रैली

नई दिल्ली ।धर्म नगरी अयोध्या में कल यानि 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर न सिर्फ देश, बल्कि दुनियाभर में उत्साह साफ नजर आ रहा है. खबर है कि अमेरिका में भी इस खास दिन को लेकर जश्न का माहौल है, जिससे जुड़ा एक शानदार वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. दरअसल ये वीडियो कैलिफोर्निया से आया है, जहां सनीवेल से गोल्डन गेट तक भगवा बैनर के साथ एक कार रैली का आयोजन किया, जिसमें 1,100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया.गौरतलब है कि, इस कार रैली को छह स्वयंसेवी हिंदुओं ने आयोजित किया है, जिसे राम मंदिर के जश्न के तौर पर आयोजित किया गया था. मिली जानकारी के मुताबिक, अमेरिका में इस तरह की ये पहली रैली थी, जिसमें काफी उत्साह और जोश के साथ भक्तों ने इस रैली में भाग लिया. एकजुटता की भावना को दर्शाया-न सिर्फ ये बल्कि, जह इस रैली को अमेरिकियों ने देखा और जब उन्हें 500 वर्षों के बाद अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बारे में बताया गया, तो वह भी हैरान रह गए. इस रैली से भारतीयों ने बाहरी देश को समुदाय के भीतर एकजुटता की भावना और गहरे सांस्कृतिक संबंधों को भी दर्शाया है. बता दें कि, इस कार रैली के बाद एक टेस्ला कार लाइट शो भी आयोजन किया गया, जिसमें करीब-करीब 100 मील लंबी रैली का आयोजन हुआ.

शिवाजी पब्लिक स्कूल व शासकीय कन्या शाला विद्यालय एवं नगर परिषद में धूमधाम से मनाया गया देश का 75 वा गणतंत्र दिवस

दैनिक पुष्पांजली टुडे
संवाददाता मालनपुर

मालनपुर हाईवे स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल और शासकीय कन्या शाला विद्यालय में देश का 75 वा गणतंत्र दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। शासकीय स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में शिवाजी पब्लिक स्कूल का संचालन प्रधानाचार्य श्रीमती नेहा सिंह व स्कूल संचालक दिनेश परिहार उर्फ बंटू ने ध्वजारोहण के साथ किया ध्वजारोहण के साथ ही विद्यालय का प्रांगण राष्ट्गान की ध्वनि से गुंजित हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा राष्ट के प्रति सम्मान व देश के प्रेम की भावना को हरसोल्लास से प्रस्तुत किया। छात्र छात्राओं द्वारा भाषण, नृत्य, कविताएं आदि प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की प्रस्तुतीकरण इस प्रकार थी के सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी देश के प्रति अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में शिवाजी पब्लिक स्कूल के संचालक दिनेश परिहार उर्फ बंटू ने सभी बच्चों को मिठाइयां बांटते हुए सभी बच्चों को गिफ्ट भेंट की इसी क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष रायक्षी मुकेश किरार ने नगर परिषद स्वच्छता इंस्पेक्टर राघवेंद्र शर्मा एवं समस्त टीम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया

मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों से दूध, घी और पनीर के लिए नमूने

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

आमजन को शुद्ध एवं मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज 27 जनवरी को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से दुध एवं दूग्ध से बने खाद्य पदार्थो के डेयरी प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किये है।अधिकारियों ने श्री कृष्णा डेयरी, मंडलेश्वर से खाद्य पदार्थ दूध एवं पनीर का नमूना, माँ अन्नपूर्णा डेयरी एवं स्वीटस, मंडलेश्वर से खाद्य पदार्थ मावा एवं घी का नमूना, नारायण दूध डेयरी, भावसार मोहल्ला खरगोन से घी का, राधेकृष्णा दूध डेयरी, भावसार मोहल्ला खरगोन से दूध का, यादव श्री एजेंन्सी डेयरी, विवेकानंद कालोनी खरगोन से दूध का, नर्मदे हर दूध डेयरी, सितावल्लभ मार्केट से दूध का, श्री सुनिल कुशवाह ग्राम मेंनगांव, घटना स्थल गोपालपूरा फाटा से दूध का, श्री सुखदेव ग्राम नारायणपुरा, घटना स्थलः गोपालपूरा फाटा, खरगोन से दूध का, श्री राहुल ग्राम बडी छालपा, घटना स्थलः गोपालपूरा फाटा, खरगोन से खाद्य पदार्थ दूध का, श्री नानुराम ग्राम छोटी छालपा, घटना स्थल गोपालपूरा फाटा, खरगोन से खाद्य पदार्थ दूध का, श्री धीरज ग्राम छोटी छालपा, घटना स्थल गोपालपूरा फाटा खरगोन से खाद्य पदार्थ दूध का, श्री मयाराम ग्राम टेमरनी, घटना स्थल गोपालपूरा फाटा, खरगोन से खाद्य पदार्थ दूध का नमूना संग्रहित किये है।अधकारियों ने 14 नमूने जॉच हेतु राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे हैं। जाँच उपरांत संबंधित विकेताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जावेगी त?

रोजगार शिविर में 39 बेरोजगार युवक युवतियों को मिला रोजगार

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और जिला प्रशासन खरगोन के सहयोग से जिला पंचायत सभाग्रह में रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मारूती सुजुकी लिमिटेड अहमदाबाद, आरसेटी खरगोन, जेआईटी बोरावां, डेक्कन टेक्नालॉजि एवं प्रशांति एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी जैसी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में मुख्य रूप से सिकलीगर समुदाय के बेरोजगार युवक युवतियों के साथ-साथ अन्य सभी बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक श्री रमाकांत पाटीदार, जिला प्रबंधक-कौशल उन्नयन एवं रोजगार, श्रीमति रीना गुप्तां युवा सलाहकार, श्री सावन पाटीदार जिला प्रबंधक, सामुदायिक संस्थांगत प्रशिक्षण श्रीमति शिवकन्याा सिसौदिया व विकासखण्ड स्तरीय अमला उपस्थिति रहे। शिविर के माध्यम संस्थाओं द्वारा कुल 87 युवाओं का पंजीयन किया गया। शिविर में कुल 39 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के समस्त कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर। स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर द्वारा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया दिनांक 26 जनवरी 2024 को हमारे देश की अखंडता एवं एकता को दर्शाता हुआ राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के ग्वालियर विभाग कार्यालय पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यालय पर उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के समस्त कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्गान गाया एवं साथ ही स्वदेशी नारों का उद्घोष कर समाज को स्वदेशी जीवन शैली एवं वस्तुओं को अपने व्यक्तिगत जीवन में अनुसरण करने का संकल्प भी लिया गया कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच की कार्यकारिणी सहित समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री देव स्थापक जिला संयोजक जी ने ध्वज फहराकर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया तथा उन्होंने बताया पता है हमारी संस्कृति का मूल स्वदेशी है और हमें हर भेदभाव को मटकर अपने मूल भाव में स्वदेशी स्मरण रहना चाहिए स्वदेशी के मूल भाव से ही गणतंत्र की खूबसूरती बढ़ती है आज देश में ग्रामीण उद्योग एवं भारतीय पद्धति व्यापार को पूरे विश्व में सराहना मिल रही है नई युवा पीढ़ी स्वरोजगार स्थापित कर स्वयं आत्मनिर्भर तो बन ही रहे हैं और अनेक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं जिस देश की अर्थव्यवस्था में सुधार तो हो ही रहा है देश में एक नई ऊर्जा के रूप में अनेक लोगों को कार्य करने की प्रेरणा भी मिल रही है इसी तरह एक दिन हमारा देश विश्व गुरु के पद पर सुशोभित होगा। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर जी एवं आभार श्री अभय जी एवं जय घोष श्री विष्णु जी पूर्ण कालक द्वारा दिया गया श्री महेंद्र जी श्री सुरेश जी श्री दिनेश जी श्री सुयश श्री रवि जी श्री कमलेश

कार्यालय
स्वदेशी जागरण मंच

बाढ़ आपदा में फसे लोगों को जान जोखिम में डालकर बचाने वाले सैनिको को किया समान्नित

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

वर्ष 2023 में बाढ़ आपदा में फसे साधुसंतों एवं अन्य जनों को जान जोखिम में डालकर नर्मदा नदी के आसपास स्थित आश्रमों आदि स्थानों से एसडीईआरएफ / होमगार्ड की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षित निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके फलस्वरूप 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा व पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह द्वारा मंच से जिला आपदा प्रबंधन टीम को पुरूस्कृत किया गया।

दिव्यांगजनों एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यो हेतु समाजसेवी हरिओम गौतम को किया सम्मानित

महेन्द्र शर्मा उप उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर - गणतंत्र दिवस के अवसर पर एस.ए.एफ ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि श्री नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री - सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग म.प्र.शासन, ने रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी हरिओम गौतम को उनके द्वारा दिव्यांगजनों एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यो हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर म.प्र.शासन के केबिनेट मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने समाजसेवी हरिओम गौतम को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल विशेष रूप से उपस्थित थे। समाजसेवी हरिओम गौतम को सम्मानित किये जाने पर डॉ. केशव पाण्डेय, एड. डीपीएस भदौरिया, अशोक सोलंकी, परमानंद श्रीवास, जयनारायण श्रीवास्तव, रामदास माहौर, अनंगपाल सिंह भदौरिया, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. मंजुलता आर्य, डॉ. लोकेश तिवारी, रामलखन शर्मा आदि गणमान्य नागरिक ने बधाई दी है।

छात्र हित का कोई ध्यान नहीं, पढ़ाई और समय का हो रहा नुकसान, भावी पीढ़ी असुरक्षितः डी ई ओ ग्वालियर

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर। फरवरी- मार्च में कक्षा 9 से 12 तक की परीक्षाएं होनी है ।छात्रों की पढ़ाई का यह सबसे महत्वपूर्ण समय है ।यह वच्चों के भविष्य की दिशा तय करने का समय है ।बहुत कम समय शेष है ।लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ग्वालियर अजय कटियार ने सैकडों शिक्षको का मनमाफिक जगह पर अटैचमेंट कर रखा है तथा अनेक शिक्षिकाओं को सी सी एल अवकाश देकर घर बैठा रखा है।सुविधा शुल्क लेकर डी ई ओ साहब ने अभयदान दे रखा है ।जबकि म प्र शासन के निर्देश हैं कि परीक्षा परिणाम प्रभावित न हो अतः परीक्षाओं के समय सभी अटैचमेंट एवं अवकाश निरस्त किये जायें ।लेकिन ग्वालियर में इसका पालन नहीं हो रहा है ।जो शिक्षक विद्यालय में होने चाहिए थे वह घर पर हैं ।छात्रों का नुकसान हो रहा है ।उन्हें पढाने बाले शिक्षक या तो मन माफिक जगह पर अटैचमेंट करा कर आराम से रह रहे है ।या सी सी एल अवकाश लेकर अपने घरों पर है ।जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार को छात्रहित में सभी अटैचमेंट एवं सी सी एल अवकाश निरस्त करना चाहिए।शासन निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सुधार हेतुअतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश हैं । अतिरिक्त कक्षाएं लगाना तो दूर की बात है ।बिषय शिक्षक ही अवकाश का आनन्द ले रहे हैं ।प्राचार्यो को इतना भयभीत कर रखा है कि कोई आवाज नहीं उठा सकता ।सस्पेंड कराने की धमकी देते हैं ।जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कर्मचारी दबाव में काम करते हैं ।ट्रांसफर कराने की धमकी देते हैं कुछ के ट्रांसफर भी करा दिये हैं ।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुआ सम्मान

पुष्पांजली टुडे

दमोह। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में निर्वाचन कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और निर्वाचन कार्य को बहुत अच्छे तरीके से संपन्न करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों का सम्मान मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन मंत्री लखन पटेल और कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा स्थानीय स्टेडियम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिकों,छात्राओं और आमजन की उपस्थिति रही। इसी कार्यक्रम के मुख्य समारोह में निर्वाचन कार्य को संपन्न करने वाले जबेरा विधानसभा क्षेत्र के कर्मचारी नफीस खान सहायक ग्रेड 3 तहसील जबेरा को भी सम्मानित किया गया।

सीरवी सेवा संस्थान खारघर आईमाता वडेर में गणतंत्र दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

मुम्बई- सीरवी विकास सेवा संस्था खारघर नवी मुंबई द्वारा आज 26 जनवरी को 75 वा गणतंत्र के पर्व को शानदार मनाया गया राष्ट गान के साथ संस्था के अध्यक्ष हुकमाराम देवडा सचिव हिरालाल काग कोषाअधयक्ष मांगीलाल सोलंकी उपाध्यक्ष थानाराम परमाल सहलाकार मंडल अशोक गेहलोत हिम्मतमल देवड़ा सह सचिव प्रकाश गेहलोत सह कोषाअधयक्ष रमेश कुमार खेल मंत्री अनिल आगलेचा, घीसाराम, भीमाराम, मानाराम, चेलाराम, पकाराम व समस्त पदाधिकारी व सदस्य गण व सहलाकार मंडल व युवा साथियों ने झंडा रोहण किया और सब मिल के आईमाताजी के प्रांगण मैं लड्डू बांटे गये।

कांग्रेस जनमुद्दों पर काम करती है : डॉ चिमन्नलाल हिंडोलिया

डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया ने भिण्ड- दतिया लोकसभा से दावेदारी पेश की

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही चुनावी सरगर्मीया तेज हो गई हैं। कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारो में प्रो डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया का नाम भी जोरों से चर्चा में चल रहा है । डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया ने प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों पर काम करने वाली पार्टी है, और जनमुद्दों पर ही चुनाव लड़ती है।डॉ. हिंडोलिया ने कहा कि उनके मन में हमेशा से ही जनसेवा की भावना रही है। डॉ चिमन्नलाल ने बताया कि वह विगत कई बर्षो से पार्टी में काम कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि उन्हें टिकट मिलने की पूरी उम्मीद है और पार्टी उम्मीदवार बनाती है ,तो कार्यकर्ताओं के सहयोग एवं जनता के आर्शीवाद से चुनाव जीतेंगे।डॉ. हिंडोलिया ने चर्चा के दौरान कहा अगर वह चुनाव लड़े और जीते तो भिण्ड-दतिया में विकास करना मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी,स्वास्थ्य,शिक्षा,सुरक्षा की है।डॉ हिंडोलिया ने कहा कि उन्हें पार्टी और जनता के आर्शीवाद से मौका मिला तो क्षेत्र की बेरोजगारी खत्म करने पर काम करेंगे।उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सिर्फ जुमलेबाजी करती है ,कांग्रेस जनविकास के काम करती है।उन्होंने कहा कि मालनपुर की बंद फेक्ट्रीयो को चालू कराएंगे,ग्वालियर-इटावा को सिक्स लाइन बनवाने का काम करेंगे, भिण्ड में रिचर्स सेंटर खुलवाएंगे जिससे विकास हो सके और क्षेत्र के नोजवानों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। डॉ चिमन्न लाल हिंडोलिया ने 27 जनवरी 2024 को भिण्ड-दतिया लोकसभा 2024 के सम्बंध में एम.डी.लाउंज, जगदीश गार्डन, नियर एम.जे.एस. कॉलेज, वाय पास रोड,भिण्ड में प्रेस वार्ता की।

डॉ चिमन्नलाल हिंडोलिया के बारे में जानकारी देते चलें कि डॉ हिंडोलिया का जन्म स्थान :- डॉ. चिम्मन लाल हिण्डोलिया पुत्र स्व. रामस्वरूप हिण्डोलिया का जन्म दिनांक 01/12/1973 को गंज मोहल्ला भिण्ड जिला भिण्ड में हुआ।

शिक्षा - प्राथमिक,माध्यमिक एवं हाई स्कूल (1990) और हायर सेकेण्डरी (1992) भिण्ड से प्राप्त की।उच्च शिक्षा बी.ए. (1996) में एम.जे.एस. कॉलेज भिण्ड से किया।एम.ए. (अंग्रेजी) 1998 भोपाल के हमीदिया कॉलेज से किया तथा पी.एच.डी. 2007 में भोपाल से ही की। शासकीय सेवा :- 2004 एम.पी.पी.एस.सी. इन्दौर से सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ। 2004 से 2018 तक विभिन्न स्थानों पर सेवा की जैसे -रायसेन, सीहोर, उज्जैन, महीदपुर जिला उज्जैन से 2018 दिसम्बर में अपने पद से त्याग पत्र दिया।कांग्रेस पार्टी के बैनर तले 2019 से सक्रीय राजनीति में कार्य करना प्रारंभ किया एवं विभिन्न धरना प्रदर्शन, रैलीयों,सभाओं एवं आन्दोलनों में भाग लिया ।

डॉ चिमन्नलाल हिंडोलिया ने कहा कि वह बी.जे.पी. अर्थात मोदी सरकार की देश विरोधी,जन विरोधी नीतियों के विरोध में निरंतर संघर्ष कर रहे हैं।जिसमें आमजनता एवं पार्टी का फुल सपोर्ट मिल रहा है।

प्रेस वार्ता
27.01.2024
-दतिया

भिण्ड-दतिया लोकसभा 2024 में कॉग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी के रूप में दावेदारी प्रस्तुत की।उनका **चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य-** लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा, बेरोजगारी एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करना है।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह भदौरिया रानू,बेरोजगार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा,राघवेंद्र राजू दौहरे आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गूँज डायरेक्टर कृति सिंह को किया सम्मानित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर।गणतंत्र दिवस के पवन पर्व पर आज जिला जिला प्रशासन द्वारा आज ग्वालियर जिले मैं उत्कृष्ट करने वालो का सम्मान किया इसी क्रम मैं मीडिया लाइन के क्षेत्र मैं उत्कृष्ट कार्य करने एबं जिला प्रशासन के साथ कंधे कन्धा मिलाकर कार्य करने वाली गूँज मीडिया हाउस की डायरेक्टर कृति सिंह को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री.......जिला कलेक्टर श्रीमान अक्षय सिंह जी कमिशनर श्रीमान दीपक सिंह जी, पुलिस अधीक्षक श्रीमान राजेश चंदेल जी द्वारा एस एफ ग्राउंड पर सम्मानित किया एबं बधाई शुभकामनायें.....

टूटे हुए कांच के टुकड़ों का कुछ इस तरह से करें रियूज

अक्सर हम सभी टूटे हुए कांच के टुकड़ों को फेंक देते हैं। लेकिन अब जब भी आपको टूटे हुआ कांच मिले तो उसे फेंकने की बजाय उसका नए तरीके से इस्तेमाल करें। आप कांच के टुकड़ों से कई चीजें बना सकती हैं और पुरानी चीजों को नया लुक भी दे सकती हैं। जी हा, यह एक दम सच है। आज हम आपको बताएंगे कि आप टूटे हुए कांच के टुकड़ों से आप क्या-क्या बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसके बारे में।

फ्रेम बनाएं

अगर आप टूटे कांच को फेंक देती हैं तो अगली बार ऐसा न करें क्योंकि आप टूटे हुए कांच से घर की दीवारों को सजा सकती हैं। जी हां, आप कांच के टूटे हुए टुकड़ों से एक बेहद ही सुंदर फ्रेम बना सकती हैं। यह फ्रेम आपके घर की दीवारों की खूबसूरती बढ़ाएगा। साथ ही कुछ सावधानियां बरतते हुए आप आसानी से कांच से फ्रेम बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।

आवश्यक सामान

- कैनवास
- कांच के टूटे हुए टुकड़ें
- फैब्रिक पेंट
- ग्लू

बनाने का तरीका

- कांच के टूटे हुए टुकड़ों से फ्रेम बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कैनवास चाहिए होगा। आप कैनवास का साइज अपने घर की दीवार के हिसाब से चुन सकती हैं।
- इसके बाद फ्रेम को अट्रैक्टिव लुक देने के लिए आपको कांच के टुकड़ों को पेंट करना होगा।
- कांच के टुकड़ों को अलग-अलग कलर्स से पेंट कर लें।
- पेंट करने के बाद उन्हें सूखने के लिए कुछ देर हल्की धूप में रख दें।
- जब कांच पर पेंट सूख जाएं इसके बाद व्हाइट कैनवास पर इन्हें ग्लू की मदद से चिपका लें।
- आप चाहें तो कांच के टुकड़ों को किसी पैटर्न में भी चिपका सकती हैं। इससे आपका फ्रेम मीनिंगफुल लगेगा
- लीजिए तैयार है आपका कांच के टुकड़ों से बना फ्रेम।

टेबल टॉप सजाएं

अगर आप फर्नीचर पुराना हो गया है तो आप अपने टेबल की टॉप को कांच के टुकड़ों से सजा सकती हैं। इससे आपके टेबल टॉप को नया लुक मिल जाएगा और अब आप दोबारा इसका इस्तेमाल कर पाएंगी। चलिए जानते हैं कैसे सजाएं कांच के टुकड़ों से टेबल टॉप को।

आवश्यक सामान

- कांच के टुकड़े
- ग्लू
- टेबल

बनाने का तरीका

- अगर आपका टेबल पुराना हो गया है तो उसे नया लुक देने के लिए आप कांच के टुकड़ों से टेबल के टॉप को सजा सकती हैं।
- इससे आपके टेबल को एक नया लुक मिलेगा।
- टेबल टॉप को सजाने के लिए सबसे पहले लकड़ी के टेबल पर ग्लू की मदद से कांच के टुकड़ों को चिपका लें।
- आप कांच के टुकड़ों को किसी भी तरीके से चिपका सकती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका नया टेबल टॉप।

गमला सजाएं

अब आपको बाजार से मंहगे और सजावटी गमले खरीदने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि अब आप बेहद ही कम पैसे खर्च करके आसानी से घर पर गमले को सजा सकती हैं। आप कांच के टुकड़ों से गमला भी सजा सकती हैं। इसके लिए बस आपको कोई पुराना गमला चाहिए होगा। चलिए जानते हैं इसे कैसे बनाया जाता है।

आवश्यक सामान

- गमला
- कांच के टुकड़े
- फ्रैबिक कलर्स
- ग्लू

बनाने का तरीका

- गमले को नया लुक देने के लिए सबसे पहले उसे अच्छे से साफ कर लें।
- इस बात का ध्यान रखें कि गमले के बाहरी हिस्से पर किसी भी प्रकार की गंदगी जमी नहीं होनी चाहिए।
- इसके बाद कांच के टुकड़ों को एक ही कलर से पेंट कर लें।
- एक ही रंग आपके गमले को और भी सुंदर बनाएंगे।
- पेंट करने और सूखने के बाद ग्लू की मदद से एक-एक करके कांच के टुकड़ों को गमले पर चिपका लें।
- इस प्रकिया को तब तक दोहराएं जब कि आप पूरे गमले पर कांच के टुकड़े नहीं चिपका लेती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका खूबसूरत गमला।

इन बातों का रखें खास ध्यान

- आपको कांच के टुकड़ों को पकड़ने के लिए गलव्स का इस्तेमाल करना चाहिए।
- इन कांच से बनी चीजों को अपने बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
- इस बात का ध्यान रखें कि जब आप कांच के टुकड़ों से चीजें बना रही हों तो आपके आस- पास लोग न हों।

आपके पसंदीदा रंग में छिपा है आपके व्यक्तित्व का राज

हर व्यक्ति का अपना पसंदीदा रंग होता है। पसंदीदा न होने पर भी, हर किसी की रंगों के लिए कुछ प्राथमिकताएं जरूर होती हैं। आमतौर पर हर कोई अपनी पसंद के रंग के हिसाब से ही कपड़े पहनता है। रंग का चुनाव ऐसा होता है जो आपके बारे में बहुत कुछ बताता है कि आप कैसे कार्य करते हैं, आपका व्यक्तित्व कैसा है, आपका स्वभाव कैसा है और दूसरे आपको कैसे देखते हैं। वैसे जरूरी नहीं है कि आपके व्यक्तित्व का रंग वही हो जो आप हमेशा पहनते हैं, यह आमतौर पर वह रंग होता है जो आपको सबसे ज्यादा उत्साहित करता है। लेकिन ये वास्तविकता है कि किसी भी व्यक्ति का पसंदीदा रंग उसके बारे में बहुत कुछ बयां करता है।

काला रंग

यदि आपको काला रंग पसंद है, तो इस बात की तरफ इशारा करता है कि आप स्वभाव से शर्मीले हैं लेकिन जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, अपने मन की बात कहने में विश्वास करें। आप आसानी से निराश नहीं होते हैं और जीवन की हर बाधा को दूर करने का प्रयास करते हैं। आप शक्ति और नियंत्रण के लिए प्रयास करते हैं, आप अपनी बातों को गोपनीय रखने पर जोर देते हैं और किसी के सामने खुली किताब की तरह नहीं आते हैं। केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही जानते हैं कि आपके जीवन में क्या महत्वपूर्ण है। आप अपने आस-पास और अपने द्वारा की जाने वाली चीजों में भी निर्मलता बनाए रखना पसंद करते हैं।

लाल रंग

लाल रंग आमतौर पर खतरे का संकेत देता है। हालांकि, रंगों का अर्थ विभिन्न पहलुओं में अलग-अलग होता है। अगर आपको लाल रंग पसंद है तो बताता है कि आप बाहरी दुनिया को पसंद करने वाले स्वभाव के हैं। आप आसानी से दोस्त बना सकते हैं और अजनबियों से बात कर सकते हैं। आप अपना जीवन एक राजा या रानी की तरह जीने में विश्वास रखते हैं। आप बिना किसी डर के अपने सपनों (जानें सपनों का मतलब) को समर्पित रहते हैं और उनके पीछे भागते हैं। इतना ही नही आप हर हाल में अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

गुलाबी रंग

आपका व्यक्तित्व आकर्षक है और आप अपने आस-पास के लोगों को सहज महसूस कराते हैं। आप स्वभाव से भावुक हैं और अपनी भावनाओं का सामना करने से नफरत करते हैं। आप अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को संतुलित बनाए रखना पसंद करते हैं क्योंकि आप दोनों को समान रूप से महत्व देते हैं। आप सपने देखने वाले स्वतंत्र उत्साही स्वभाव के व्यक्ति हैं।

नीला रंग

आपकी पसंद के रंग के हिसाब से ऐसा हो सकता है कि जब आप बहुत ही मधुर और मृदुभाषी दिखने की कोशिश करते हैं, तो लोगों को यह नहीं पता होता है कि आपके पास एक और पक्ष है जहां आप कठिन परिस्थितियों में अपने लिए खड़े हो सकते हैं। आप वफादार हैं और दोस्तों और परिवार के बहुत करीब हैं। आप स्वभाव से बहुत अधिक संवेदनशील भी हैं और नाटकीय परिस्थितियों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं।

हरा रंग

यदि आपका पसंदीदा रंग हरा है तो आप एक स्वतंत्र उत्साही व्यक्ति हैं और जीवन में रोमांच का आनंद लेते हैं। आप एक अत्यंत सामाजिक, अविश्वसनीय, स्नेही और वफादार व्यक्ति हैं। हालांकि, आप अक्सर बेचैन रहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप एक चतुर व्यक्ति हैं, जो व्यापार प्रवृत्तियों के बारे में सहज समझ रखते हैं।

सफेद रंग

आप हर चीज में अच्छाई देखना पसंद करते हैं। आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जो लोगों को शांत कर सकते हैं और स्वयं शांत रहने में विश्वास करते हैं। आप अक्सर अपने शब्दों को सावधानी से चुनते हैं और हर कोई आपके बारे में बहुत कुछ नहीं जानता है। आप एक दयालु आत्मा हैं और लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, भले ही वे अजनबी क्यों न हों।

पीला रंग

यह परिभाषित करता है कि आप एक बहुत ही दिलकश स्वभाव के व्यक्ति हैं। आप आशावादी हैं और गलत होने वाली चीजों को छोड़ने से इंकार करते हैं। आप बहुत ज्यादा भरोसेमंद हैं और हमेशा जीवन के उज्जवल पक्ष को देखते हैं। आप गौरवशाली हैं और किसी भी जगह पर अपनी राय देने से डरते नहीं हैं। आपके व्यक्तित्व की वजह से लोग आपकी कंपनी पसंद करते हैं।

पर्पल कलर

आप एक कहानीकार हैं और दूसरे लोगों के विचार और राय सुनना पसंद करते हैं। आप स्वभाव से होशियार और मजाकिया हैं। आपको लोगों को सलाह देना पसंद है और आप इसे अपने दिल से पसंद करते हैं। आप स्वभाव से स्वतंत्र हैं और अपने आप में ऐसी क्षमता रखते हैं जो आपको दूसरों से अलग बनाती है।

इस तरह आपके पसंद के रंगों से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। हालांकि ये एक सामान्य अवधारणा है और हर एक व्यक्ति के हिसाब से अलग प्रभाव डालती है।



सारा साल पढ़ाई स्कूल जाने के बाद बच्चों में जहा फाइनल एग्जाम का डर बना रहता है, वहीं इस बात की खुशी भी होती है कि वह नई क्लास में जाने वाले हैं। इसी के साथ पेरेंट्स को यह परेशानी सताती है कि कहीं इस बार पढ़ाई में उनके बच्चे के आगे कोई और स्टूडेंट न निकल जाए। अव्वल आने की इस होड़ में पेरेंट्स द्वारा बनाया गया दवाब उनके लिए मानसिक परेशानी बन जाता है। ऐसे में बच्चो को डांट-फटकार कर पढ़ाने की बजाए उनकी प्रॉब्लम को समझने की जरूरत है। कई बार तो कुछ पेरेंटस बच्चों को न पढ़ने पर सजा भी देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत बात है। मनोविज्ञानिक भाषा में इस समस्या को एंग्जाइटी डिसऑर्डर कहते हैं। बच्चे को इसमें धकेलने की बजाए इससे निकालने की कोशिश करें।

बच्चे का हौसला बनें

एंग्जाइटी डिसऑर्डर

बहुत से बच्चों में यह समस्या देखने को मिलती है। इस समस्या के कारण उनका स्वभाव बहुत ही चिड़चिड़ा हो जाता है, जिसके कारण वह जो कुछ भी परीक्षा के लिए याद करते है वह सब कुछ भूल जाते हैं। फेल होने का डर, आत्मविश्वास में कमी भी इसी समस्या की निशानी है। कई बार तो तनाव से ग्रसित बच्चे घर से स्कूल के लिए निकल जाते हैं लेकिन स्कूल पहुंचते ही नही। इसी वजह से कुछ बच्चे गलत संगत में भी फंस जाते हैं। ऐसे में माता-पिता को उसे डांट कर पढ़ाने की बजाए प्यार से समझाने की जरूरत है। पढ़ाई में आने वाली मुश्किलों के लिए डांटें नही बल्कि उनकी मदद करें। इन तरीकों से तनाव रहित कर सकते हैं।

टाइम-टेबल को दें अहमियत

अगर आप चाहते है कि आपके बच्चे परीक्षा के दिनों में घबराएं नही तो आप शुरू में ही उनकी पढ़ाई का टाईम-टेबल बनाएं ताकि समय रहते उनका पाठ्यक्रम पूरा कर सकें। जिससे बाद में उन्हें स्लेबस दोहराने का भी टाईम मिल जाए। इसे अपनाने से उन्हें परीक्षा के दिनों में किसी तरह का डर नही रहेगा और वह जो भी याद करेंगे, उसे कभी भी भूलगा नहीं।

पेपर पैटर्न को समझना जरूरी

एग्जाम में बैठने से पहले बच्चों को पेपर का तरीका समझने की बहुत जरूरत होती है। इससे बच्चे को किसी तरह की कंफ्यूजन नहीं रहेगी। ऐसे में आप बच्चे को पिछली बार का पैटर्न पेपर हल करने को दें। इस से भी उनका तनाव बहुत कम होगा। फाइनल परीक्षा में उसे किसी तरह की घबराहट नही होगी।

परीक्षा में जाने से पहले

डेट शीट आ जाने पर खुद भी बच्चे के साथ कमर कस लें। उसे पौष्टिक आहार खिलाएं ताकि किसी तरह की कमजोरी उसके प्रदर्शन में बाधा न बने। दूध, ड्राई फ्रूट, दही, सूप, सलाद आदि बैस्ट हैं। उस पर किसी तरह का दवाब न डालें, कुछ भी नया पढ़ाने की कोशिश न करें। ऐसा करने से वह पहला पढ़ा भी भूल सकता है। पढ़ाई के अलावा थोड़ा हंसी-मजाक, गेम्स या फिर उसका फेवरेट प्रोग्राम भी देखने को दें लेकिन इसका समय सीमित होना बहुत जरूरी है। इससे वह परीक्षा अच्छे से दे पाएगा।

परीक्षा शुरू होने पर

सबसे पहले परीक्षा में वहीं प्रश्न का जबाव देने की सलाह दें जो उन्हें अच्छी तरह से आता हो। बच्चें प्रश्न पत्र को पढ़ने में हड़बड़ी न करें। अगर आपको किसी प्रश्न का जबाव नहीं आता। उस पर उलझे रहने की बजाए अगले सवाल को हल करें। सारा पेपर हल करने पर इसे जमा करने से पहले एक बार जांच लें। समय सीमा के बारे में बच्चे को बताना भी बहुत जरूरी है।



साड़ी के साथ स्टाइल की जा सकती हैं यह डिफरेंट स्टाइल बेल्ट

अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।

साड़ी हमेशा ही भारतीय महिलाओं के स्टाइल का एक अहम हिस्सा रही है। चाहे घर हो या ऑफिस, महिलाएं इसे हर जगह पहनना पसंद करती हैं। साड़ी आउटफिट के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से बेहद आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह आपको हर बार एक न्यू लुक मिलता है। हालांकि, अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही है और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। तो आज हम आपको कुछ ऐसी बेल्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो साड़ी के साथ बेहद अच्छी लगती हैं और आप भी उसे आसानी से कैरी कर सकती हैं।

लेदर बेल्ट

अगर आप एक स्टाइल एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेदर बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। आमतौर पर, लेदर बेल्ट को जींस या पैंट सूट के साथ पेयर किया जाता है। लेकिन अगर आप साड़ी में अपने स्टाइल को यूनिक बनाना चाहती हैं तो लेदर बेल्ट को स्टाइल करें। हालांकि, लेदर बेल्ट को साड़ी के साथ पहनते समय ध्यान दें कि आपकी साड़ी का कलर भी थोड़ा लाइट ही हो।

वाइड बेल्ट

अगर आप अपनी बेल्ट को ही अपने ओवर ऑल लुक में सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एक वाइड बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। साड़ी के साथ वाइड बेल्ट देखने में काफी अच्छी लगती हैं। इन वाइड बेल्ट में आप मैचिंग बेल्ट से लेकर एंब्रायडिड बेल्ट का ऑप्शन चुन सकती हैं।

मैचिंग बेल्ट

यह एक ऐसा लुक है, जो अमूमन महिलाओं को इन दिनों काफी पसंद आ रहा है। इस लुक में आप अपनी साड़ी से मैचिंग बेल्ट को स्टाइल करें। आमतौर पर, इस लुक में आपकी साड़ी से मैचिंग ब्लाउज होता है और उसी मैचिंग फैब्रिक व कलर की बेल्ट को आप साथ में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह आपको बेल्ट में एक सटल लुक मिलता है, जो देखने में काफी अच्छा लगता है।

एंब्रायडिड बेल्ट

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं तो ऐसे में आप एंब्रायडिड बेल्ट के ऑप्शन को चुन सकती हैं। यह बेल्ट आपके लुक को बेहद स्टनिंग बनाता है। इस बेल्ट की मदद से एक सिंपल साड़ी को भी डिजाइनर लुक दे सकती हैं। आप चाहें तो फ्रिल साड़ी के साथ भी एंब्रायडिड बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं।

थिन सिल्वर बेल्ट

यह आपको एक बेहद ही एलीगेंट लुक देता है। इस लुक में आप प्लेन साड़ी के साथ भी थिन सिल्वर बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कैजुअल्स से लेकर पार्टी तक में आसानी से कैरी कर सकती हैं। इस बेल्ट की खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह की साड़ी के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।

ब्लैक बेल्ट

अगर आप एक ऐसी बेल्ट की तलाश में हैं जो हर तरह की साड़ी के साथ जचे तो ऐसे में आप ब्लैक बेल्ट को अपनी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। आप ब्लैक बेल्ट में भी डिफरेंट स्टाइल के ऑप्शन को चुन सकती हैं। खासतौर से, रेड कलर साड़ी के साथ ब्लैक बेल्ट बेहद ही स्टनिंग लुक देती है।

बोन हेल्थ से लेकर खून की कमी दूर करने तक, सर्दियों में मुनक्का खाने के हैं ये 5 लाजवाब फायदे

सर्दियों में हमारी बॉडी को हेल्दी रहने के लिए पर्याप्त पोषण की जरूरत होती है। डॉक्टर के पास जाकर दवाइयां लेने से बेहतर है कि वक्त रहते अपनी डाइट में ही कुछ खास चीजें शामिल कर ली जाएं। आप ऐसे में मुनक्का का सेवन कर सकते हैं जो आपको इस मौसम में फिट रखने में काफी मददगार होगा।

कड़कड़ाती ठंड हमारी इम्यूनिटी को लो कर देती है। ऐसे में तरह-तरह के इंफेक्शन का खतरा रहता है। खांसी-जुकाम, बंद नाक और गले में खराश से हर दूसरा शख्स परेशान रहता है। ऐसे में मुनक्का आपके लिए बेस्ट है। ये आपके शरीर को कई मौसमी बीमारियों से तो बचाएगा ही, बल्कि इसके कई अन्य हेल्थ बेनेफिट्स भी हैं। आइए जानते हैं कैसे सर्दियों में ये आपकी डाइट में एक सुपरफूड साबित हो सकता है।

पाचन तंत्र के लिए अच्छा

इसे पेट के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसे खाने से आपका इम्यून सिस्टम हेल्दी रहता है। चूंकि इसमें आयरन और मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है, ऐसे में ये आपको कब्ज से राहत देता है और एसिडिटी को भी कंट्रोल करता है।

खून की कमी दूर करता है

इसे खाने से शरीर में खून की कमी दूर होती है। जो लोग एनीमिया से पीड़ित हो जाते हैं, उन्हें तो खासतौर से इसे खाने की सलाह दी जाती है। यह ब्लड में नाइट्रिक ऑक्साइड को बढ़ाता है, जो ब्लड में सर्कुलेशन को सुचारू बनाता है। साथ ही, इसे खाने से आपका ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

बोन हेल्थ के लिए बढ़िया

कैल्शियम से भरपूर ये मुनक्का आपकी हड्डियों और दांतों को भी ताकत देता है। इसमें मौजूद बोरान नामक पोषक तत्व कैल्शियम को अब्जॉर्ब करके हमारे शरीर की हड्डियों तक पहुंचाने में मदद करता है।

स्किन और बालों के लिए वरदान

एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी से भरपूर ये मुनक्का स्किन को फ्री रेडिकल डैमेज से बचाता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर करता है। इसे खाने से आप पिंपल फ्री स्किन तो पाएंगे ही, साथ ही ये आपके बालों को भी हेल्दी रख ता है और स्कैल्प को एलर्जी से बचाता है।

आई साइट को बेहतर बनाता है

इसे खाने से आपकी आई साइट भी अच्छी होती है। इसका सेवन आपको मोतियाबिंद के खतरे से भी दूर करने में मदद करता है। चूंकि इसमें मौजूद विटामिन ए और बीटा कैरोटीन आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होता है।

अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरजिंत इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अब अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मन्दिर में पुर्नस्थापित करने का गौरव प्राप्त हो रहा है। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिवस है। राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है।सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निषान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, '' राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवष्यक है।'' गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे।

यह भी कम दुखद नहीं है कि उस निर्णय के बाद भी मंदिर निर्माण में अड़ंगे लगाने वाले विघ्नसंतोषी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। यहां तक कि प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन की पूरी तैयारियां हो जाने के बाद भी उसे विफल करवाने में एक वर्ग जी-जान से जुटा है। कुछ धर्माचार्य भी इस मुहिम में शामिल हो गए हैं। शाश्वत राष्ट्रीय अस्मिता को तात्कालिक और राजनीतिक हानि-लाभ की दृष्टि से देखा जा रहा है। वास्तव में, कपटी और विकृत सिद्धांतकारों की परेशानी सहज और स्वाभाविक है। कई दशकों की उनकी दुकान के उठ जाने की सबल संभावना कोई सामान्य घटना नहीं है। उनके शब्द चुक गए हैं। प्रयोग में लाये नये शब्दों की शब्द शक्ति समाप्त हो गई है। वे अपनी पुरानी और सतही अवधारणाओं के बंधुआ श्रमिक हैं। किसी नये शब्द संसार की सृष्टि कर पाना अब उनके लिए संभव नहीं है। इन सभी ने गांधीवाद को बेच खाया। इनका समाजवाद पिट गया। पूंजीवाद का संताप भोग रहे देशों की दुर्दशा सबके सामने है। उनके सामने समस्या है कि क्या कहें, क्या करें? नश्वर को अनश्वर ओर समय सापेक्षता को सनातनता मानकर की गई भूल का परिमार्जन करने का उनमें साहस भी नहीं है। यही कारण है राष्ट्रीय संताप को समाप्त करने का अभियान अयोध्या से प्रारंभ हुआ और राष्ट्रीय अस्मिता राम रथ पर सवार होकर सोमनाथ से अयोध्या की ओर चली तो इन छद्मवेशियों के मोहल्ले में कोहराम मच गया। जिस दल की वैचारिक धारा में देश के सभी नागरिक समान रूप से शामिल नहीं होंगे, वह दल विकल्प नहीं बन सकता। वह देश का हित भी नहीं कर सकता। देश किसी छोटे-बड़े प्रतिशत का नहीं, उस शत प्रतिशत का होता है जो इसके प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध, बिना शर्त और सहजभाव से समर्पित होते हैं। देश की आबादी के इस सहज समर्पण को ही राष्ट्रीयता की संज्ञा प्रदान की गई। देश की आबादी का हर वह अंश जो असहज हो, अपने विषय में अलग से सोचता हो, केवल अपने हित को ही राष्ट्रहित समझता हो, अराष्ट्रीय है। इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और इसका पालन पोषण करने वाले सभी लोग अराष्ट्रीयता को बल प्रदान करने के अपराधी हैं।राष्ट्र का घायल स्वाभिमान, आहत मन, टूटा विश्वास, अपमानित इतिहास और कुंठित राष्ट्रीय अस्मिता के परिमार्जन का दैवीय अवसर उपस्थित है। परमात्मा द्वारा प्रेरित ईश्वरीय कार्य सम्पन्न करने का सौभाग्यशाली क्षण 22 जनवरी को वह मुहूर्त होगा जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अपने पूर्वजों की पराजय को विजय में बदलने और बलिदानों को मूल्य चुकाने के लिए इस राष्ट्रीय दायित्व का जो लोग निर्वाह करेंगे वे भविष्य में कलेजे का रक्त बनेंगे। वे इतिहास के प्राणवान पृष्ठ लिखेंगे राष्ट्रीय गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की यह कथा इतिहास के पन्नों पर सोने का शब्द बनकर उभरेंगे और तभी वास्तविक स्वाधीन भारत राष्ट्र का पुनर्जन्म होगा। गांधी के रामराज्य का सूत्रपात नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला की प्रथम आरती करेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम किया है। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। राम मंदिर के निर्माण से भारत में रामराज्य आने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनायेगी। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है।

राष्ट्रीय अस्मिता और अखण्डता भी अयोध्या से जुड़ी है। श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं है, इसके साथ देश का अर्थशास्त्र भी जुड़ा है। भावी सामाजिक संरचना की संकल्पना भी जुड़ी है। अयोध्या अब राजनीति का भावी स्वरूप निर्धारित करेगी। व्यक्ति और राष्ट्र का चरित्र निर्माण, कालसापेक्ष किन्तु कालातीत दर्शन और दृष्टि का सृजन बीज राम मंदिर निर्माण में निहित है। विश्व के कई देशों में रचने और बसने वाले हिन्दू धर्मावलंबी तो राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित हैं ही ,अनेक ऐसे देश भी इसमें सहभागिता दे रहे हैं जो अन्य किसी धर्म का पालन करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि श्री राम की स्वीकार्यता पूरे विश्व में है। उस दृष्टि से 22 जनवरी की तिथि विश्व इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगी। श्रीराम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर दुनिया भर में फैले असंख्य सनातनियों की आस्था और आकांक्षा का अभिनव केंद्र बनेगा, इसमें किसी को संदेह नहीं है।

राममंदिर किसी की आस्था पर आक्रमण नहीं, भारत की अस्मिता से जुड़े प्रश्नों का उत्तर है। राम मंदिर देश और अयोध्या में अनेक हैं, अनेक और मंदिर बनाए जा सकते हैं किंतु राम जन्मस्थान एक ही हो सकता है, अनेक नहीं। इस पवित्र राष्ट्रीय स्थान पर राष्ट्र की गरिमा के अनुरूप एक मंदिर बनना, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की गारन्टी ही नहीं, भारत की पहचान का प्रमाणपत्र भी है।

संपादकीय

क्या वाकई रामराज्य आएगा

22 जनवरी 2024 को भाजपा की राजनैतिक रणनीति के तहत, तय वक्त पर अयोध्या में बने करोड़ों के भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान के तौर पर शामिल हुए। उनके अलावा प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के दौरान गर्भगृह में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शेष यजमानों के साथ मौजूद रहे।कांग्रेस ने जब इस कार्यक्रम को भाजपा और संघ का राजनैतिक आयोजन बताया था, तो मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर कई तरह के शाब्दिक हमले किए गए। उन्हें हिंदू विरोधी कहा गया। लेकिन अयोध्या में हुए कार्यक्रम को अगर खुले दिल-दिमाग से देखा जाए और उसका विश्लेषण किया जाए, तो यही नजर आएगा कि एक धार्मिक आयोजन को भाजपा का शक्तिप्रदर्शन बना दिया गया। पूंजी के दम पर धर्म के नाम पर जितना दिखावा किया जा सकता था, सब किया गया। देश के हजारों रिहायशी इलाके एक जैसे भगवा झंडों और फूल मालाओं से सजाए गए, जगह-जगह शोभायात्राएं, हवन, भंडारे आयोजित हुए।

श्री मोदी ने 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आह्वान किया, तो आंख मूंदकर लोगों ने सुबह से दीए जलाने, पटाखे फोड़ने शुरु कर दिए, बिना यह सोचे-विचारे कि राम रावण को मार कर सीताजी के साथ जब अयोध्या लौटे थे, तब दीपावली मनाई गई थी। लेकिन अब मोदीजी के काल में शायद नए भारतीय कैलेंडर के साथ नए तरीके से दीपावली मनाने का कोई चलन शुरु हो जाए। वैसे भी अयोध्या में दिए अपने भाषण में श्री मोदी ने कहा ही है कि 22 जनवरी कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं है, यह एक नए कालचक्र का उद्गम है।

वाकई एक नया कालचक्र भारत की धार्मिक और राजनैतिक परंपराओं में शुरु हुआ है। धार्मिक परंपरा के मुताबिक गृहस्थ यानी पति और पत्नी दोनों मिलकर अनुष्ठान करते हैं। लेकिन श्री मोदी प्राण प्रतिष्ठा में अकेले शामिल हुए। भक्तों की सुविधा के लिए बताया गया कि प्रधानमंत्री प्रतीकात्मक जजमान रहेंगे, लेकिन आज के दौर में प्रतीक ही प्रधान बन गए हैं। लिहाजा वे 14 दंपती जो बतौर यजमान इस आयोजन में बैठे थे, वे खबरों में नजर नहीं आए, उनकी जगह प्रधानमंत्री मोदी दिखे। राजनैतिक परंपरा के मुताबिक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को निज आस्था का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। लेकिन प्रधानमंत्री, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल सभी बेधड़क एक हिंदू कार्यक्रम में, हिंदू राष्ट्र के पैरोकार संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ शामिल हुए। आदित्यनाथ योगी ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए इसे त्रेतायुग की ओर लौटना बताया। वहीं मोहन भागवत ने इसे भारत का स्व लौटना बताया है।अब सवाल यह है कि अगर भाजपा और संघ का यह राजनैतिक आयोजन नहीं था तो फिर इस कार्यक्रम में संघप्रमुख और भाजपा नेताओं के भाषण क्यों हुए। क्यों इस कार्यक्रम में हिंदू धर्म की पहचान बताने वाले शंकराचार्य अनुपस्थित रहे। रामलला के नाम पर हुए इस कार्यक्रम में फिल्मी सितारों और कारोबारी बाबाओं को विशिष्ट मेहमानों की तरह क्यों बुलाया गया। क्या उनकी आस्था देश के करोड़ों हिंदुओं की आस्था से अधिक है, या फिर देश में अब ऐसा राम राज्य आएगा, जहां बलवान को ही भक्ति का अधिकार मिलेगा।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि त्याग और तपस्या के बाद हमारे राम आ गए हैं। इस वाक्य में अगर वे त्रासदी शब्द भी जोड़ते तो बात पूरी होती, क्योंकि इतिहास को चाहे जितनी तरह से लिख लिया जाए, यह तथ्य अपनी जगह कायम रहेगा कि राजनैतिक फायदे के लिए खड़े किए राम मंदिर आंदोलन से देश एक ऐसी त्रासदी का शिकार हुआ था, जिसने संविधान की मर्यादा को तार-तार करके रख दिया था। हजारों जिंदगियां राम मंदिर आंदोलन के कारण बर्बाद हुईं और बर्बादी हिंदू या मुसलमान का ठप्पा लेकर नहीं चलती, केवल उजाड़ती है। श्री मोदी ने इस मौके पर भारत की न्यायपालिका का आभार भी व्यक्त किया, जिसने न्याय की लाज रख ली।लेकिन क्या प्रधानमंत्री को यह याद है कि न्यायपालिका ने यह भी कहा था कि बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था। क्या न्याय की लाज रखने के लिए श्री मोदी बाबरी तोड़ने वालों को दंड दिलाने की कोशिश करेंगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके को राष्ट्रवाद में भुनाने की कोशिश भी प्रधानमंत्री ने की, जब उन्होंने अपने भाषण में कहा कि गुलामी की मानसिकता को तोड़कर राष्ट्र उठ खड़ा हुआ है, ये समय सामान्य नहीं है।

भाजपा ने बनाया राम मंदिर को राजनीतिक मुद्दा

भाजपा इस बात से भली-भाँति परिचित है कि राम भारतीय संस्कृति में गहराई से रचे-बसे हैं और इसलिए वह प्रतिष्ठा समारोह से मिले इस अनूठे अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर जिस तरह से रुख अपनाया है, उससे इसके धार्मिक और राजनीतिक पहलुओं के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थिति की जटिलता ने विपक्षी दलों के पास कोई आसान विकल्प नहीं छोड़ा है।

1996 के बाद से प्रत्येक भाजपा घोषणापत्र में, अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का वादा किया गया था। इसलिए यह उम्मीद करना नादानी होगी कि पार्टी 22 जनवरी को भव्यता वाले बिल्कुल नये राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का राजनीतिक लाभ नहीं उठायेगी, खासकर उस समय जब कुछ ही महीने दूर अप्रैल-मई 2024 में महत्वपूर्ण संसदीय चुनाव होंगे। इसके बारे में कोई कुछ नहीं कर सकता है और यह विपक्षी दलों के सामने आने वाली दुविधा को अच्छी तरह से समझाता है।%अयोध्या में जन्मस्थान पर भव्य श्री राम मंदिर% का पहला संदर्भ 1996 में पार्टी के घोषणापत्र में किया गया था, जिसमें %भारत माता% को श्रद्धांजलि के रूप में मंदिर के निर्माण की सुविधा देने का वायदा किया गया था। %यह सपना हमारे देश के लाखों लोगों को प्रेरित करता है% - घोषणापत्र में कहा गया यह जोड़ते हुए कि राम की अवधारणा उनकी चेतना के मूल में है।

1998 में, पार्टी ने यह वायदा दोहराते हुए घोषणा की कि पार्टी मंदिर के निर्माण की सुविधा के लिए सभी सहमतिपूर्ण, कानूनी और संवैधानिक तरीकों का पता लगायेगी, और इस बात पर बल देकर कहा गया कि श्रीराम भारतीय चेतना के मूल में हैं। हालांकि, कुछ अजीब कारणों से, 1999 में जारी एनडीए घोषणापत्र में अयोध्या मुद्दे का कोई संदर्भ नहीं था।2004 के घोषणापत्र ने मंदिर निर्माण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई और इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे राम भारत के एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रतीक हैं और अयोध्या करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है।

2009 में, भाजपा ने मंदिर के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए बातचीत और न्यायिक कार्रवाई सहित सभी संभावनाओं का पता लगाने का फिर वायदा किया था और कहा था कि रामजी के जन्म स्थान पर एक भव्य मंदिर बनाने के लिए भारत और विदेशों में लोगों की जबरदस्त इच्छा है। अयोध्या में श्री राम के मंदिर के बारे में 2014 और 2019 के घोषणापत्रों में भी यही बातें कही गई थीं, लेकिन उस समय तक ऐसे संकेत मिल चुके थे कि राम मंदिर का मुद्दा राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व रूप से तूल पकड़ रहा है।

भाजपा की तरह, भारत का हर राजनीतिक दल इस तथ्य से अवगत है कि राम भारतीय मानस और संस्कृति में गहराई से बसे हुए हैं और उन्होंने इसका उपयोग राजनीतिक पूंजी बनाने के लिए करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री के रूप में दिवंगत पी वीनरसिम्हा राव को अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विवादास्पद विध्वंस के बाद राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करने के लिए जाना जाता है। राव ने मंदिर के निर्माण के लिए संतों के एक पैनल, तथाकथित रामालयम ट्रस्ट के गठन की पहल की थी।उन्होंने ट्रस्ट की परिकल्पना की थी कि इसमें पुरी, श्रृंगेरी, कांची, द्वारका और बद्रीनाथ के शंकराचार्य, रामानुजाचार्य संप्रदाय के अनुयायी तमिलनाडु और आंध्र के जीयर, उत्तर के श्री वैष्णव संत, द्वैत संप्रदाय के उडुपी और उत्तरादिमठ के संत, वल्लभाचार्य सम्प्रदाय के गुरुजी आदि शामिल होंगे। गौड़ीय और श्री चैतन्य परंपरा और अयोध्या के हनुमान गढ़ी और लक्ष्मण गढ़ी के महंत भी उसमें शामिल होंगे। लेकिन यह योजना असामयिक रूप से समाप्त हो गई क्योंकि राव चुनाव के बाद सत्ता में वापस आने में विफल रहे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि राम मंदिर का शिलान्यास, हालांकि आरएसएस और भाजपा तत्वों द्वारा किया गया था, जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे। इससे पहले राजीव गांधी की सरकार ने 1985 में बाबरी मस्जिद के ताले खोलने का फैसला किया था, इस फैसले से कांग्रेस पार्टी की भूमिका और इरादों को लेकर बड़ा विवाद हुआ था।जाहिर है, भाजपा इस बात से भली-भांति परिचित है कि राम भारतीय संस्कृति में गहराई से रचे-बसे हैं और इसलिए वह प्रतिष्ठा समारोह से मिले इस अनूठे अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर जिस तरह से रुख अपनाया है, उससे इसके धार्मिक और राजनीतिक पहलुओं के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थिति की जटिलता ने विपक्षी दलों के पास कोई आसान विकल्प नहीं छोड़ा है। वे राम मंदिर को अस्वीकार नहीं कर सकते क्योंकि यह एक धार्मिक मुद्दे से कहीं अधिक है, और साथ ही वे इसके अभिषेक से जुड़े हुए नहीं दिखना चाहते हैं, जिसका मतलब होगा भाजपा को सारी महिमा और राजनीतिक पूंजी एक थाली में सजाकर पेश करना।यह कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलों के सामने आने वाली वास्तविक दुविधा को स्पष्ट करता है। इसलिए, हर नेता इस बात पर जोर दे रहा है कि राम सबके हैं और भाजपा के पास कोई पेटेंट या स्वामित्व नहीं है। इसलिए, वे इस अवसर पर या तो अन्य मंदिरों का दौरा करके या वास्तव में कार्यक्रम होने के बाद नये मंदिर की यात्रा की योजना की घोषणा करके राम मंदिर के साथ-साथ भगवान राम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के तरीकों की खोज कर तैयारी कर रहे हैं।

चाचौड़ा चंपावती नगरी में मासिक परिक्रमा दिनांक 25/1/2024 जनवरी

योगेश शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

चंपावती नगरी चाचौड़ा में मासिक परिक्रमा दिनांक 25/1/2024 चाचौड़ा का प्राचीन नाम चंपावती नगरी था चंपावती नगरी चाचौड़ा धार्मिक दृष्टिकोण से एवं प्राचीन मंदिरों को लेकर प्रसिद्ध है यहां कई प्राचीन मंदिर हैं चाचौड़ा चंपावती नगरी से जुड़ी हुई कई किम दांती प्रसिद्ध है चाचौड़ा चंपावती नगरी का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है कि यह नगरी भक्तमाल जी महाराज पंडित जगन्नाथ प्रसाद जी जन्म स्थलीय है एवं भक्तमाल जी का मंदिर भी यहां स्थित है मासिक परिक्रमा का 25 जनवरी से नगर वासियों द्वारा भक्तमाल की मंदिर से प्रारंभ किया गया यह गणेश मंदिर से अंबाला वाले गुरु महाराज से महादेव मंदिर बाघ बागेश्वर होते छान मंदिर चामुंडा मंदिर माली की बाड़ी होते हुए बाग से भक्तमाल जी मंदिर पर समापन हुआ इस परिक्रमा के अवसर पर नगर में कई जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया टैक्सी यूनियन द्वारा स्वागत किया गया एवं इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया यह परिक्रमण निरंतर जारी रहेगी संत पंडित जगन्नाथ प्रसाद जी द्वारा इसका महत्व गिर्राज जी की परिक्रमा के बराबर बताया गया है

फोटोग्राफर एसोसिएशन अध्यक्ष ने किया झंडा वंदन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी -75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के फोटोग्राफर साथियों ने वीर सावरकर पार्क में पहुंच कर झंडा वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए । राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर फोटोग्राफर एसोसिएशन शिवपुरी अध्यक्ष भूपेन्द्र नामदेव द्वारा झंडा वंदन किया गया। इसके पश्चात सभी साथियों ने मिलकर राष्ट्रगान किया एवं राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर फोटोग्राफर एसोसिएशन अध्यक्ष भूपेन्द्र नामदेव ने कहा कि देश से बढ़कर कुछ भी नहीं है, देश हमारे लिए सर्वोपरि है। कार्यक्रम के अंत में फोटोग्राफर साथी खालिद खान ने देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी । कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित सभी साथियों का आभार प्रदर्शन सुनील भास्कर ने किया । इस अवसर पर शहर के प्रमुख फोटोग्राफर साथी काफी संख्या में मौजूद थे ।

सहभोज के बीच डीएम और अफसरों के साथ छात्राओं का सार्थक इंटरैक्शन आदर्श नगर में पहुंचे डीएम से छात्रा ने पूछा सर आपकी पोस्ट क्या है

A9 2020
01/26 13:37

रामस्वरूप रजक
पुष्पाञ्जलि टुडे

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर में सार्थक संवाद सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर,एसपी सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने बेटियों के साथ न केवल भोजन किया बल्कि उनके साथ सार्थक संवाद किया। इस कार्यक्रम में शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, डिप्टी कलेक्टर जेपी गुप्ता, शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़, विवेक श्रीवास्तव एमडीएम प्रभारी सीमा उपाध्याय बीआरसी बीके ओझा और अन्य गणमान्य अतिथियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यालय की छात्राओं के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन लिया। छात्रा महिमा ने पास बैठे कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी से पूछ लिया कि सर आपकी पोस्ट क्या हैड़ डीएम ने भी बड़े ही सहज अंदाज में छात्रा को न केवल पोस्ट बताई बल्कि उनकी शिक्षा और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह ने छात्राओं को सुरक्षा और कानूनी जागरूकता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा एक सुरक्षित और जागरूक समाज ही सच्चे विकास की नींव होती है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। छात्राओं ने इस अनुभव को बहुत सार्थक और प्रेरक बताया।

सत्य को जानने के लिए हमें मानव चेतना से ऊपर उठना चाहिए

चित्त (अटेंशन) के महत्व के बारे में सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने हमें दिग्दर्शित किया है कि, आपके पास जो चित्त है, वह वास्तविकता को जानने का एकमात्र तरीका है। आपका अपना चित्त महत्वपूर्ण है, न कि दूसरों का चित्त या दूसरों पर आपका चित्त! यह स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए। यदि आप इस बात को समझ जाएँ कि पूरी चीज का उपभोग अपने चित्त के माध्यम से अपने उच्च अवस्था तक उत्थान के लिए आपके द्वारा किया जाना है, तो, यह काम करेगा।

बच्चों का बड़े मनोबल और शिक्षा के प्रति जागृति ही हमारी गणतंत्रता की पहचान हैं-शंकर लाल कुशवाह

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी - शिवपुरी जिले के नरवर मैं संचालित प्रतीक पब्लिक स्कूल ग्राम जुझाई में 75वे गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ एवं बड़े ही धूमधाम से मनाया गया विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे एवं बच्चियों द्वारा बहुत ही शानदार प्रतिभाये दिखाई एवं पर्यावरण संबंधी नाटकों के द्वारा शानदार प्रस्तुति देकर समाज मैं स्वच्छता पर लोगो का ध्यान आकर्षित कराया अपने आस पास सफाई रखने का संदेश दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री शंकर लाल कुशवाहा द्वारा स्कूल प्रांगण मैं झंडा फहराया गया साथ ही उन्होंने बताया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है और शिक्षा के प्रति जागृति आती है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह मौजपुरिया जी टीकमसिंह वैस्य जी, जनपद सदस्य मदन कुशवाह जी ,ग्राम के सरपंच मज़बूत कुशवाह ,सुलतान सिंह गुर्जर, फौजी पवन गुर्जर जी ,मोहर सिंह तोमर, एवं प्रतीक पब्लिक स्कूल के संचालक सिरदार सिंह कुशवाह जी , एच एम भजन सिंह कुशवाह जी और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा, मंच का संचालन रामेश्वर कुशवाहा जी द्वारा किया गया

गणतंत्र दिवस की संध्या पर हुआ 'भारत पर्व' का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों ने बाँधा समां

26 जनवरी 2024
75वां गणतंत्र दिवस एवं भारत
हार्दिक शुभकामनायें
का परिषद

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- गौरवशाली गणतंत्र दिवस की संध्या पर ÷भारत पर्व÷ का आयोजन किया गया। लोकतंत्र का लोकपर्व भारत पर्व कार्यक्रम गांधी पार्क स्थित कम्युनिटी हॉल शिवपुरी में आयोजित हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव,राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
इस आयोजन में देशभक्ति के तराने गूँजे, वहीं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत लोक नृत्य की प्रस्तुति भी जाने-माने लोक कलाकारों ने दी। कलाकारों ने राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इसमें स्वराज संस्थान संचालनालय म.प्र. भोपाल द्वारा प्रसिद्ध बुंदेली लोकगायक सुश्री नीलम तिवारी, छतरपुर को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। लोकनृत्य सुश्री समीवा गिवापुरकर, भोपाल के कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। यह आयोजन स्वराज संस्थान संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया।भारत पर्व समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं शहर के आमजन उपस्थित थे। जिन्होंने दर्शक के रूप में कार्यक्रम का आनंद लिया।

एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-26 जनवरी पर एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ जिसमे सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर मालयार्पण एवं सभी को गले में पट्टीका पहिना कर सम्मान किया गया सभी ने बहुत ही सुंदर स्वर में देश भक्ति गीत गाए जिसमे राजेंद्र जैन राजमाया होटल वाले , सूबेदार भानुप्रताप सिंह सिकरवार जी, ब्रजेश अग्निहोत्री जी , ब्रजेश तोमर जी , संजीव बांजल जी , मुकेश आचार्य , संगीता श्रीवास्तव , शालू गोस्वामी दीदी, अंकित सक्सेना, धर्मेंद्र साहू , शुभ्रा शर्मा दीदी , मोहित बढ़ाया एवं अन्य लोग भी उपस्थित रहे जिसमें संगीता श्रीवास्तव ने लता मंगेशकर की तरह मधुर आवाज में ए मेरे वतन के लोगों रगीत पर शानदार प्रस्तुति दी और सूबेदार भानु प्रताप सिंह ने भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं गीत पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी और धर्मेंद्र साहू ने चिट्ठी आई है उस गीत पर सभी लोगों की आंखें नम हो गई एवं सभी लोगों ने अपनी मधुर आवाज में अलग-अलग रूप से प्रस्तुतियां दी इस सफल आयोजन के लिए राजेंद्र जैन राज माया होटल वालों ने एवं पत्रकार आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया

छत्तीसगढ़ प्रांत में स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों की गई है

स्वास्थ्य विभाग में अनेक प्रकार का राष्टीय स्वास्थ्य कार्यक्रम योजनाओं का संचालन करने के लिये पर्याप्त कर्मचारी नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण करने में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे कार्यो की उपलब्धि पूर्ण नहीं हो पाती एवं हमारे स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारियों विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपस्वास्थ्य केंद्र में सी.एच.ओ एवं आर.एस.ओ महिला एवं पुरुष एवं 2 हरूका पदस्थापन होना है । किंतु कई सेक्सन उपस्वास्थ्य केंद्र में केवल एक कर्मचारी ही नियुक्त हुआ है एवं कई सेक्सन पूर्ण रूप से रिक्त पड़ा हुआ है,उसी प्रकार से सभी जिला मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स चिकित्क व स्टाफ की कमी है जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया है

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस,पोलो ग्राउंड पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय समारोह

गोबर गैस संयंत्र के लाभ

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी जिले में गौरवशाली गणतंत्र की 74वीं वर्षगांठ उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पोलो ग्राउंड पर आयोजित कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने राष्ट्रीयध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। 75 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने ध्वज फहराया। इसके बाद संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग थीम पर झांकियां निकाली गईं। झाँकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

निकला आकर्षक मार्चपास्ट- संयुक्त परेड में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, 18वीं वाहिनी एसएएफ, वन विभाग, होमगार्ड, एनसीसी बालिका, एनसीसी वालक, शौर्य दल, स्काउट गाइड ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुकड़ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्च पास्ट में सशस्त्र बल में आइटीबीपी शिवपुरी को प्रथम, एसएएफ द्वितीय और मध्य प्रदेश पुलिस महिला ने तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड प्रदर्शन में निशस्त्र बल में प्रथम स्थान वन विभाग और द्वितीय स्थान एनसीसी सीनियर बालक एवं तृतीय स्थान एनसीसी सीनियर बालिका को मिला। जूनियर वर्ग में एनसीसी जूनियर एअर विंग को प्रथम, स्काउट गाइड को द्वितीय, एनसीसी जूनियर आर्मी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

रंगारंग एवं देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मौजूद दर्शकों को देशभक्ति के जज्बे एवं अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों से सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में शासकीय कन्या उ मा विद्यालय कोर्ट रोड शिवपुरी की टीम को प्रथम पुरस्कार, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 को द्वितीय पुरस्कार एवं अशासकीय गणेश ब्लेस्ड स्कूल शिवपुरी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को शील्ड प्रदान की गयी।

मनमोहक झाँकियाँ भी निकलीं- समारोह में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित विभिन्न विभागों द्वारा चलित झांकियां निकाली गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार नगर पालिका शिवपुरी की झांकी को मिला। द्वितीय पुरस्कार कृषि विभाग और तृतीय पुरस्कार जेल विभाग की झांकी को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने संबंधित विभागों की टीम को पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान की।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिए प्रमाण-पत्र-विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दीं।

देश की आधारशिला हमारा संविधान बदरवास में बड़े हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस

पत्रकार हरिओम परिहार की
खास रिपोर्ट

बदरवास नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 75 वे गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम विधालय के प्राचार्य श्री चंद्रवीर सिंह सैंगर द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके साथ ही विधार्थियों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया उसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी छात्राएं हाथ में तिरंगा लेकर नगर के मुख्य मार्ग ए बी रोड से होते हुए वापस विधालय पहुंचे उसके बाद विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी इसी क्रम में प्राचार्य उद्बोधन में श्री चंद्रवीर सिंह सैंगर ने बताया कि आज 75 वे गणतंत्र दिवस पर देश प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है आज हमारा भारत देश दुनिया की 5 वी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और वह दिन दूर नही जब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर आगे आयेंगे आज अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर देश के करोड़ों राम भक्तों के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगा कायक्रम में शिक्षक कपिल परिहार ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ममता यादव ने किया कार्यक्रम के उपरांत सभी छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया कार्यक्रम में श्री चंद्रवीर सिंह सैंगर, चंद्रभान श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव,ममता यादव, मिथलेश मीणा, उदय रावत, विनीता कुशवाह चंपालाल कुशवाह, संतोष ओझा, लक्ष्मण राठौर, श्रीकृष्ण सुमन, शालिनी श्रीवास्तव, नवेदअली हाशमी, नीतू श्रीवास्तव , हरवीर सिंह यादव और बलराम परिहार के साथ सैकड़ों छात्रायें उपस्थित रहीं

चामुंडा धाम श्री राम दरबार की वर्षगांठ पर किया पूजन सत्यनारायण की कथा



दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर।हिंदू महासभा चामुंडा धाम मंदिर समिति के तत्वाधान में आज 27 जनवरी को चामुंडा धाम कोटेश्वर मंदिर पर भगवान श्री राम दरबार की तीसरी वर्षगांठ स्थापना दिवस पर भगवान श्री राम जी का पूजन जल अभिषेक हवन तथा श्री सत्यनारायण की कथा हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष रामकिशन राठौर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई। मुख्य यजमान श्रीमती मीना देवी कन्हैयालाल राठौर थे इस अवसर पर सैकड़ो भक्त जनों को प्रसाद वितरित किया गया

ग्वालियर पुलिस का मेले में ईमानदारी दिखाने वालों को झूला सम्मान पैसों से भरा पर्स वापस करने पर बच्चों को पुलिस ने कंधे में लेकर पूरे मेले में घुमाया व उनके माता-पिता सहित बच्चो को पुलिस ने अपने हाथों से झूलाझुलायाबच्चों को पुलिस ने नगद ईनाम भी दिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर - पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर मेला में सुरक्षा के पुख्ता इंत?ाम किए गये हैं। जिसमें मेला प्रभारी के रूप में एसडीओपी बेहट श्री संतोष पटेल को जिम्मेदारी दी है और साथ में दो निरीक्षक व एक सूबेदार के साथ 200 से अधिक का बल लगाया है, और यातायात व्यवस्था हेतु यातायात का भी बल लगाया गया है। बीते दिन फूल बेचने वाले एक माली का पर्स मेले में गिर गया था। जिसमें 2500 रुपये व ?रूरी दस्तावेज थे। जो पर्स आठ वर्ष के आर्यन मीणा व उसकी छोटी बहन को मिला और उन्होंने तत्काल माता पिता को बताया। जिसके बाद वह सभी मेला पुलिस कंट्रोल रूम आये, और उन्होने पुलिस को वह पर्स देकर बताया कि यह पर्स बच्चों को मेले में किसी का गिरा हुआ मिला है। जिस पर से पुलिस ने पर्स मलिक को बुलाया तो पर्स देखकर उसकी पत्नी भावुक होकर रोने लगी। दोनों बच्चों की ईमानदारी को देखते हुए ग्वालियर व्यापार मेला प्रभारी एसडीओपी बेहट श्री संतोष पटेल ने बच्चों को इनाम देने का अनोखा तरीका निकाला। मेला प्रभारी एसडीओपी बेहट श्री संतोष पटेल द्वारा दोनों बच्चों को माला पहनाई गई फिर बच्चों को

पुलिस जवानो ने कंधे में लेकर मेले में घुमाया और उसके बाद उनके माता पिता सहित सभी को पुलिसकर्मियों ने अपने हाथों से चलाकर हाथ मानव चालित झूला झुलाया, साथ ही इसी तरह ईमानदारी दिखाने वाले व्यक्तियों को इससे बेहतरीन ईनाम देने की घोषणा की है। जब बच्चे से पूछा कि पैसों से भरा पर्स क्यों वापस किया तो जवाब था कि मुझे बेईमान नहीं बनना और चोर तो बिलकुल नहीं बनना है बाड़ी कुछ भी बन जाऊँ। इस कार्य में निरीक्षक राजेंद्र परिहार, सूबेदार राघवेंद्र जादोन व पुलिस स्टार मौजूद रहा। पुलिस की इस पहल का प्रयास दिखा है कि पिछले दिनों चार घटनाओं में गुम हुआ श्रीमती समान मलिक वापस मिला है।

ए.बी.वी.आई. आई. आई. टी. एम. ग्वालियर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए राष्ट्र भक्ति से भरपूर कार्यक्रम

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर ए बी वी ट्रिपल आई टी एम ग्वालियर संस्थान में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान परिसर को फूलों एवं राष्ट्रीय ध्वज से आकर्षक ढंग से सजाया गया। स्पीकर पर देशभक्ति के गीतों से परिसर में एक अलग ही राष्ट्रीयता की लहर सी महसूस हो रही थी । संस्थान के शासी, अशासी सदस्य, छात्र छात्राएं इस कार्यक्र में उपस्थित हुए। प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति के अंदर देशभक्ति और खुशी का संचार था क्योंकि यह सभी के लिए बहुत गर्व का दिन था।सर्वप्रथम संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर. एस.एन.सिंह ने एबीवी-आईआईआईटीएम परिसर में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद सभी संस्थान के सभागार में उपस्थित हुए और फिर निदेशक प्रो.एस एन सिंह एवं संस्थान की फर्स्ट लेडी श्रीमती वंदना सिंह के द्वारा सरस्वती पूजन एवं द्वीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद संस्थान के सभी सदस्यों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया । संस्थान के स्टूडेंट्स के द्वारा राष्ट्रभक्ति से सराबोर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए 7 सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत भारत की भलाई के लिए किए गए बलिदानों पर एक कविता से की गई। छात्रों द्वारा राष्टभक्ति पर स्वरचित कविताएं काफी सराहनीय थीं। इसके साथ ही एकल नृत्य प्रदर्शन, भाषण, मधुर गायन,एवं ऊर्जावान भांगड़ा कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा किया गया । श्री विनीत सुराना और डॉ. वीना आनंद द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए गए। तत्पश्चात निदेशक प्रोफ़ेसर एस.एन.सिंह के द्वारा गणतंत्र दिवस पर उद्बोधन दिया गया। अपने उद्बोधन में प्रो सिंह ने बताया भारत सरकार के द्वारा 75वे वर्ष से अगले 25 वर्षों तक अमृतकाल घोषित किया गया है, हमें भी संस्थान को ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए इसी प्रकार यूनाइटेड होकर सतत निरंतर प्रोग्रेसिव कार्य करने होंगे। उन्होंने स्टुडेंट्स द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की एवम स्टूडेंट्स द्वारा आयोजित दीपोत्सव में दर्शित उनकी यूनिटी की भी प्रशंसा की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी श्रीमती दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गई।

यूथ हॉस्टल्स ग्वालियर ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया चार दिवसीय ग्वालियर हैरिटेज टूर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों को परिचित कराने के लिए यूथ हॉस्टल्स ग्वालियर ने चार दिवसीय हैरिटेज टूर आयोजित किया है। यह टूर यूथ हॉस्टल्स मध्य प्रदेश राज्य शाखा की 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में ग्वालियर इकाई द्वारा किया जा रहा है एसोसिएशन के सचिव रामनारायण मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर के 25 पर्यटक परिवार के साथ प्रमुख रूप से अहमदाबाद , पुणे, मुम्बई , बेंगलुरु , दिल्ली के पधारे हैं । यह कार्यक्रम 26 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शहर की सांस्कृतिक विरासत और संगीतधानी विरासत को इन पर्यटकों के माध्यम से देश के पटल पर रखने का और पर्यटकों को ग्वालियर शहर में आने के लिए

आकर्षित करने का यूथ हॉस्टल्स ग्वालियर का प्रयास है । प्रथम दिन 26 जनवरी को झंडा वंदन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । संस्था चेयरमैन शैलेंद्र माहौर ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा इसके पश्चात सभी सदस्य टेंपो ट्रैवलर में बैठकर शनिचरा मंदिर , बटेश्वर , पढावली और मितावली की ऐतिहासिक धरोहर को देखने के लिए गए । शाम को बैजाताल और महाराज बाड़े की विभिन्न शैलियों में बनी इमारतों पर फसाड लाइटिंग को देखकर सभी पर्यटक आश्चर्यचकित रह गए।द्वितीय दिन चंबल नदी की सफेद रेत पर ट्रैकिंग की और बोटिंग करते हुए देशी और विदेशी पक्षियों , घड़ियाल ,मगर को देखने का आनंद लिया। लौटते हुए देवरी घड़ियाल प्रोजेक्ट , भूतों द्वारा एक रात में तैयार किया हुआ ककनमठ , सिहोनिया जैन टेंपल की भव्यता को महसूस करते हुए शाम 6ः00 बजे तक ग्वालियर वापस आ गए । शाम को देश भर में प्रसिद्ध ग्वालियर व्यापार मेला घूम गया।तृतीय दिन गूजरी महल , तानसेन का मकबरा, ग्वालियर किला स्थित मानमंदिर, सहस्त्रबाहु मंदिर , तेली की लाट, गुरुद्वारा दिखाया जाएगा ।दोपहर के बाद सिंधिया म्यूजियम की भव्यता और सुंदरता के दर्शन कराए जाएंगे ।रात्रि में कार्यक्रम के समापन के अवसर पर संस्था संरक्षक रमेश अग्रवाल एवं समीक्षा गुप्ता द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे । इस कार्यक्रम के संयोजक गौरव सिंघल है । इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे तथा प्रतिभागियों से उनके अनुभव की जानकारी ली जाएगी तथा उन्हें अन्य पर्यटकों को ग्वालियर भेजने के लिए प्रेरित करने का आग्रह भी किया जाएगा ।

विकलांग बल के प्रदेश सचिव ने मनाया बच्चियों के साथ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । विकलांग बल के राज्य सचिव सौरभ बघेल ने 75 वा गणतंत्र दिवस बच्चियों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनायाकार्यक्रम के मुख्य अथिति श्रीमती सरोज रामकृष्ण बघेला जनपद अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि आजाद अध्यापक संघ के जिलाअध्यक्ष बदन सिंह बघेल और राम प्रकाश यादव रहे मंच संचालक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोः सौरभ बघेल ने कीकार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजा रोहण राष्ट्गान के साथ हुआ इसके बाद बच्चियों के द्वारा राष्ट भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयींकार्यक्रम मे की खास बात यह रही की विशिष्ट अध्यक्ष बदन सिंह बघेल के द्वारा 5 बच्चियों को हर माह पाँच सौ रूपये उनके अध्ययन लिए देने को कहा गया और विकलांग बल के प्रदेश सचिव सौरभ बघेल के द्वारा बच्चियों को उपहार एवं शुल्प आहार दिया गया

भोजताल पर दिखा सुर-ताल का अद्भुत संगम,बड़ी झील के किनारे पुलिस ब्रास बैंड ने बिखेरी स्वर लहरियां

'वर्दी का संगीत' कार्यक्र म के दूसरे दिन सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड ने भोपाल के बोट क्लब में दी लयबद्ध प्रस्तुति,भोपाल के बड़े तालाब के आसपास का वातावरण देशभक्ति से हुआ गुंजायमान

भोपाल, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सातवीं वाहिनी के पुलिस ब्रास बैंड द्वारा आयोजित ÷वर्दी का संगीत÷ कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 जनवरी को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब में बैंड दल के सदस्यों ने सुमधुर प्रस्तुतियां दी। शाम 5 बजे से प्रारंभ कार्यक्रम में पुलिस ब्रास बैंड की प्रस्तुतियों ने बड़े तालाब के आसपास के वातावरण को देशभक्ति गीतों से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर डीआईजी मध्य क्षेत्र विशेष सशस्त्र बल श्री नवनीत भसीन, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी., डीसीपी शालिनी दीक्षित, डीएसपी श्री तरुण पटले और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

बैंड दल के सदस्यों ने इन धुनों की दी प्रस्तुति -भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब में 21 जनवरी को शाम 5 बजे से प्रारंभ कार्यकम में पुलिस ब्रास बैंड के सदस्यों ने ÷ऐ मालिक तेरे बंदे हम÷ की धुन से शुरुआत की। इसके पश्चात जय हो, लहरा दो सरकशीं का परचम लहरा दो, ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे देशभक्ति गीतों ने समां बांध दिया। बोट क्लब पर घूमने और बोटिंग करने आए लोगों के आनंद को पुलिस बैंड की प्रस्तुतियों ने दोगुना कर दिया। दर्शकों की मांग पर जिंदगी प्यार का गीत है, छूकर मेरे मन को, जमाल कुडु, नाचो-नाचो, हम बंजारों की बात मत पूछो आदि फिल्मी गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। बड़े तालाब के किनारे स्थित बोट क्लब में सुर-ताल के साथ पुलिस जवानों द्वारा बजाई जाने वाली देशप्रेम एवं राष्ड्ट्रभक्ति पूर्ण गीतों की रोमांचक धुनों ने जन-मन में राष्ड्ट्रप्रेम की भावना का संचार कर दिया और सभी के दिलों में अमिट छाप छोड़ी।

देशप्रेम से भरपूर धुनों की प्रस्तुति को सभी ने सराहा- ÷वर्दी का संगीत÷ कार्यक्रम के पहले दिन 20 जनवरी को भोपाल के डीबी मॉल में आयोजित कार्यक्रम में भी विभिन्न धुनों की प्रस्तुतियां दी गई। दोनों दिन पुलिस ब्रास बैंड में शामिल 35 सदस्यों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत धुनों और दर्शकों की मांग पर विभिन्न फिल्मी गीतों की लयबद्ध प्रस्तुति दी गई, जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर

उपस्थित नागरिक धुनों के बजने पर उत्साह से भर उठे। पुलिस ब्रास बैंड के सदस्यों द्वारा दी गई इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। ÷वर्दी का संगीत÷ कार्यक्रम के दोनों दिवस पुलिस ब्रास बैंड के निरीक्षक सुनील कटारे के मार्गदर्शन में बैंड का संचालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक मृत्युंजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मप्र पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी सजीव प्रसारण किया गया।

धीरज/आशीष शर्मा

आज लोगों को राम-कृष्ण के आचरणों को अपनाने की जरूरत है-सन्त उमाकान्त जी महाराज

बाबा उमाकान्त जी ने बताये चारों राम के भेद- एक राम दशरथ का बेटा, एक राम घट-घट में लेटा, एक राम का सकल पसारा, एक राम सब जग से न्यारा

जय गुरु देव
परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

मुंबई (महाराष्ट्र)बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि कहा गया है- एक राम दशरथ का बेटा, एक राम घट-घट में लेटा। एक राम का सकल पसारा, एक राम सब जग से न्यारा।। जिनको जानकारी नहीं है वह तो दशरथ के बेटे को राम मान लेते हैं जो चले गए, वो केवल उन्हीं को सम्मान देते हैं। दूसरा राम मन को कहा गया है जो जीवात्मा के साथ लगा हुआ है। तीसरा राम निरंजन भगवान जिनको ईश्वर, खुदा, गोड अपनी-अपनी भाषा में लोगों ने कहा। चौथा राम सबके सिरजनहार सतपुरुष है; उस राम से मिलाने वाले भेदी गुरु की खोज करो। मूर्ति फोटो पूजने से आपकी श्रद्धा भाव भक्ति के अनुसार लाभ तो मिल जाएगा लेकिन जीवात्मा का कल्याण नहीं हो सकता।सबको गुरु की जरूरत पड़ी। राम कृष्ण दोनों ने विद्या गुरु अलग- विश्वामित्र और सांदीपनि तथा आध्यात्मिक गुरु- वशिष्ठ और सुपच किये। कुछ न कुछ कर्म जान-अनजान में सब के बनते हैं। उसकी सफाई करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए मन में आये अभाव को, कर्म को काटने के लिए सतसंग सुनने, सेवा करने, साधना करने या गुरु भक्ति की बातें करने की आदत बराबर डाले रहो। सन्त, समरथ सतगुरु की जरूरत है जो रास्ता बताकर जीवात्मा को उस मालिक तक पहुंचा दें, जन्म-मरण से छुट्टी दिला दें।महापुरुषों का काम ही समझाने का होता है। अब तो उपदेश समझने वालों में ही गलत आदतें आ गई तो कैसे समझाएं। उदाहरण के लिए जो खुद नशेडी हो, वह उपदेशक, कथा वाचक, सतसंग करने वाला आदि दूसरों को नशे से दूर रहने के लिए कैसे कहेड़ तो उनके उपदेशों को बदल दिया लोगों ने और आसन इस तरह से कर दिया की जन्माष्टमी मना लो, राम विवाह, रासलीला, रामलीला आदि मना लो, जगह-जगह मंदिर बना दो, फूल-पत्ती चढ़ा दो तो आसान हो गया लेकिन उनके उपदेश को बताने की जरूरत है, उन्होंने जनहित के लिए क्या-क्या काम किया, कितना त्याग किया, यह बताने की जरूरत है कि हम उनके वंशज हैं, हमको उनका अनुकरण करना चाहिए, उनके बताए हुए रास्ते पर हम चलेंगे, उनका बताया हुआ अच्छा काम हम करेंगे। आज केवल कृष्ण-राम कथा-चरित्र पड़ने, केवल बाहरी क्रियाएं करने की बजाय राम-कृष्ण के उपदेशों को लोगों को बताने, उनका अनुसरण करने की जरुरत है। विचार करो, आज राम जैसे लोग और सती अनुसुइया सावित्री जैसी बच्चियां क्यों नही बन पा रही।आजकल वेद न कोई पड़ता, न कोई जानता है। आगे की जानकारी वेदों में भी नहीं है। गोस्वामी जी ने सबसे पहले लिखा - घट रामायण। यानी जो अंदर घट में होता रहता है, मानस में जो राम का चरित्र हो रहा है, वो। लेकिन लकीर के ड़ड़ीर बने लोगों के विरोध की वजह से उन्होंने उसे गोपनीय कर दिया। फिर लिखा राम चरित मानस जिसके शुरुवाती भाग में बहलाने के लिए राम का किस्सा-कहानी लिखी और आखरी कांडों में आध्यात्मिक का वर्णन किया जिसे लोग समझ नहीं पाते। जिसने खुद नहीं देखा वो क्या बताएगा, लोग किताबों में ही उलझे रह गए। सिख भी किताब पड़ने में ही रह गए जबकि वड्त के गुरु को खोजने, उनके पास जाकर अपना कल्याण करने के लिए लिखा है।देखो इस समय राम भगवान की चर्चा देश और विदेशों में खूब हो रही है लेकिन राम भगवान के बारे में जो उन्होंने लिखा कि वह भी नहीं समझ पाए इतनी बड़ी महिमा नाम में है। राम न सकहीं नाम गुण गाई। कहां लगी करूं मैं नाम बडाई।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बरसात से पहले निर्माण पूरा करें - उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री ने सीवर निर्माण तथा रिवर फ्रंट निर्माण का किया निरीक्षण

रीवा उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम क्षेत्र में चल रहे सीवर निर्माण कार्य तथा बीहर रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बाबा घाट में बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण बारिश के पहले हरहाल में पूरा कराएं। इसके लिए स्थान निर्धारित कर दिया गया है। आवश्यक पाइप का तत्काल आर्डर दे दें। बीहर नदी में किसी भी स्थिति में गंदा पानी नहीं जाना चाहिए। नगर की स्वच्छता के लिए भी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण अनिवार्य है। इसके अलावा बिछिया तथा अन्य स्थानों पर बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों का निर्माण भी तेजी से पूरा कराएं। उप मुख्यमंत्री ने रिवर फ्रंट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि अच्छी गुणवत्ता के पेवर ब्लॉक लगाएं। निर्धारित स्थलों पर वृक्षारोपण तत्काल आरंभ कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा तथा देखभाल के उचित प्रबंध करें। पुलिस अधीक्षक पचमठा में आवश्यक सुरक्षा बल तैनात कर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण करें। असामाजिक तत्वों द्वारा आमजनता के लिए किए गए निर्माण कार्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हम बहुत ही भाग्यशाली हैं कि हम इस जादुई क्षण का हिस्सा बनें जो हमारे साथ हमेशा बना रहेगा - राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान पर बोले रामचरण

प्रभु श्रीराम आ गए हैं। अयोध्या में ऐतिहासिक भव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में फिल्म जगत की कई हस्तियां भी साक्षी बनीं। इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए ग्लोबल स्तर राम चरण भी अयोध्या पहुंचे और रामलला के दर्शन भी किए। श्रीराम नगरी पहुंचने पर रामचरण का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उद्घाटन के दिन राम चरण सुबह-सुबह अयोध्या पहुंचे। जब प्राचीन कुर्ता पहने राम चरण अयोध्या की पवित्र भूमि पर कदम रखा, तो हैदराबाद से ÷राम मंदिर के लिए राम÷ का गूंजता हुआ मंत्र गूंज उठता है।राम चरण ने कहा, ÷शानदार, यह बहुत सुंदर था। जीवन में एक बार। इसे देखना, इसका गवाह बनना हर किसी के लिए सम्मान की बात है। यह सचमुच एक आशीर्वाद है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी आखिरकार वह देख रहे हैं जो 500 साल पहले होना चाहिए था। हम भाग्यशाली है कि हमें भगवान राम को अयोध्या में वापस विराजते देखने का मौका मिला। ÷अब राम चरण ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए इस क्षण के भगवान राम का आशीर्वाद कहा है।

मौनी रॉय

बेवकूफ होंगी, अंकिता लोखंडे नहीं..जानें क्यों 'नागिन' एक्ट्रेस से नाराज है ये डायरेक्टर?

अपनी हर फिल्म से ऑडियंस का दिल जीतने वाले मशहूर प्रोड्यूसर संदीप सिंह ने बतौर निर्देशक अपना डेब्यू किया है. उनकी फिल्म 'सफेद' 29 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर रिलीज हो चुकी है और इस फिल्म के बारे में टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में उन्होंने कहा कि किस तरह से ये फिल्म बनाने में कुछ दोस्तों ने उनका साथ दिया और कुछ दोस्तों ने उनके साथ काम करने से इनकार कर दिया. इनकार करने वालों में उनकी खास दोस्त और 'नागिन' एक्ट्रेस मौनी रॉय का नाम भी शामिल है.संदीप सिंह ने कहा, 20 साल से मैं इस इंडस्ट्री में हूं. यहां तक पहुंचने के लिए पहले 10 साल मुझे जर्नलिज्म करना पड़ा. फिर संजय भंसाली सर के साथ बतौर को-प्रोड्यूसर काम किया. उनके साथ हमने रामलीला, मैरी कॉम, गब्बर, सरस्वती चंद्र जैसे कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया. संजय जी मेरे गुरु भी हैं और उनके साथ फिल्में बनाकर मैंने बहुत कुछ सीखा भी है. फिर जब मैंने खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया, तो ऐसा नहीं हो सकता था कि तुरंत मैं खुद को ही लॉन्च करूं. मुझे मेरी कहानियां कहनी थीं. मुझे मेरी तरफ लोगों का नजरिया और मजबूत करना था.

खुद के पैसों से बनाई है फिल्म

आगे संदीप सिंह बोले, मुझे पता था कि मैं अगर उस समय डायरेक्शन करता तो मुझे 5 साल लग जाते. इसलिए मैंने अलीगढ़, सरबजीत, झुंड जैसी फिल्में बनाई, अगले महीने अटल आ रही है, अटल के बाद सावरकर भी आ रही है. लेकिन सफेद एक ऐसा विषय है, जो बायोपिक नहीं है. आगे जो मैं डायरेक्ट करना चाहता हूं, वो विषय मेरे दिल में पहले से ही तैयार है. 'सफेद' मैंने मेरे पैसे लगाकर बनाई है. फिल्म 50 लाख में बनी है. बनारस में 10 दिन की शूटिंग थी. सिर्फ दोस्तों की मदद से ये फिल्म बनी है. कुछ दोस्तों ने साथ छोड़ दिया तब पता चल गया कि वो कैसे दोस्त थे. मीरा चोपड़ा और अभय वर्मा के रूप में नए दोस्त बन गए, बाकी के जो दोस्त हैं, उनकी वजह से पूरा पोस्ट प्रोडक्शन पूरा हुआ है

दोस्त वही जो साथ दें

कौन से दोस्तों को ये फिल्म पहले ऑफर की थी? इस सवाल का जवाब देते हुए संदीप सिंह ने कहा, अंकिता लोखंडे और मौनी रॉय के पास ये कहानी लेकर मैं गया था. कुछ और लोगों के पास भी गया था, जिन्होंने इस फिल्म को करने से इनकार कर दिया, वो बरखा बिष्ट का किरदार था. उनके बारे में फिर कभी बात करूंगा. मेरे हिसाब से दोस्त वही जो साथ दें. मैंने मौनी का साथ दिया है और आगे कभी उसे मेरी जरूरत लगे, तो भी मैं उसका साथ दूंगा. अंकिता ने साथ छोड़ा ही नहीं था, उस दौरान उनकी शादी थी.

मौनी पर साधा निशाना

संदीप के साथ हो रही बातचीत के दौरान जब उनके फिल्म की प्रमुख एक्ट्रेस मीरा चोपड़ा को उनकी फिल्म के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, जिन्हें कला समझ में आती है, उन्हें संदीप सिंह को फिल्म करने के लिए मनाने की बिल्कुल कोशिश नहीं करनी पड़ती. जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तब मैंने सिर्फ एक बात कही कि जिन्होंने मना किया, वो बेवकूफ थे. लेकिन मैंने तुरंत स्मार्ट फैसला किया और फिल्म साइन कर ली. मीरा की बात खत्म करते ही संदीप सिंह तुरंत बोले,मौनी रॉय बेवकूफ हो सकती हैं, लेकिन अंकिता बेवकूफ नहीं हैं.

दिशा सालियान

के बारे में अंकिता लोखंडे का बड़ा खुलासा, कहा- वो सुशांत की मैनेजर...

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन इन दिनों कलर्स टीवी के रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. इस शो में अंकिता लोखंडे अक्सर अपने एक्स-बॉयफ्रेंड सुशांत सिंह राजपूत को याद करते हुए नजर आती हैं. हाल ही में बिग बॉस के गार्डन एरिया में बैठकर अंकिता ने मुनव्वर फारूकी के सामने सुशांत सिंह राजपूत के साथ साथ दिशा सालियान के बारे में भी बात की. इस बातचीत के दौरान अंकिता ने दिशा को लेकर एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वो सुशांत की मैनेजर नहीं थीं.दरअसल अंकिता मुनव्वर से ये कहतीं हुईं नजर आईं कि उन्होंने एक समय पर लोगों को सोशल मीडिया पर खूब ब्लॉक किया था, क्योंकि उन्हें कुछ लोग काफी ट्रोल कर रहे थे. अंकिता बोलीं-'सुशांत से जुड़े लोग मुझे खूब ताने कसते थे. जैसे मैं कुछ थी ही नहीं उसकी जिंदगी में.' अंकिता की बातें सुनकर मुनव्वर ने उन्हें पूछा कि सुशांत की मौत के कुछ दिन बाद उसके मैनेजर की भी मौत हुई थी ना? अंकिता ने तुरंत मुनव्वर को सही करते हुए कहा,नहीं उसकी मौत के पहले ही मैनेजर की मौत हुई थी.

दिशा सालियान नहीं थीं सुशांत की मैनेजर ?

आगे अंकिता बोलीं,वो (दिशा) उसकी मैनेजर नहीं थीं. पांच-छह दिन पहले या दो हफ्ते के लिए उसने (दिशा) उसे (सुशांत को) मैनेज किया था. लेकिन वो मैनेजर नहीं थीं, बहुत खिचड़ी पाक गई थी. अंकिता की बातें सुनने के बाद मुनव्वर बोले कि यही बात होती है न. लोग लिंक जोड़ देते हैं. इंटरनेट पर डिटेक्टिव बनकर लोग खुद लिंक जोड़ना शुरू कर देते हैं. अंकिता के मुंह से निकली ये बात इस लिए बड़ी है, क्योंकि अब तक लोग दिशा को ही सुशांत की मैनेजर मान रहे थे.

पवित्र रिश्ता के सेट पर मिल गए दिल

इस दौरान अंकिता ने ये भी कहा कि 26 फरवरी 2016 को वो सुशांत से अलग हो गई. दोनों पवित्र रिश्ता के सेट पर पहली बार मिले थे और शूटिंग शुरू होने के एक महीने बाद ही दोनों ने एक दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था. दोनों का रिश्ता 7 साल तक चला.

अब टीवी, ओटीटी और थिएटर भी बोलेंगे 'जय श्रीराम', नए साल में सुनाई जाएंगी रामलला की कहानियां

पौराणिक कहानियों ने टीवी इंडस्ट्री को दर्शकों के प्यार के साथ खूब टीआरपी दी है. आज भी दर्शक लगभग 3 दशक पहले ऑन एयर हुई रामानंद सागर की रामायण और बीआर चोपड़ा की महाभारत को टीवी पर देखना पसंद करते हैं. साल 2024 पूरे भारतवर्ष के लिए बेहद खास है, क्योंकि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के 'राम मंदिर' में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी. इसके बाद ये राम मंदिर सभी के लिए खुल जाएगा, जिसके लिए हमारे देशवासियों ने कई सालों तक इंतजार किया है. इस खास मौके पर न सिर्फ पूरा देश दिवाली मनाने वाला है बल्कि ये पूरा साल टीवी, ओटीटी और थिएटर में भी हमें रामायण से जुड़ा कंटेंट देखने को मिलने वाला है.साल 2024 की शुरुआत सोनी टीवी ने 'श्रीमद रामायण' के साथ की है. जी हां, पौराणिक कहानियां सुनाने के लिए मशहूर निर्देशक सिद्धार्थ कुमार तिवारी, प्राची बंसल, निकितिन धीर और निर्भय वाधवा के साथ मिलकर फिर एक बार रामायण की कहानी सुनाने जा रहे हैं. जल्द ही कलर्स टीवी के सीरियल 'शिवशक्ति' में भी रामायण का अध्याय देखने को मिलेगा.

प्रभास के बाद रणबीर कपूर बनेंगे भगवान राम

प्रभास और ओम राउत की 'आदिपुरुष' भले ही दर्शकों का दिल जीतने में असफल रही हो, लेकिन अब भी फिल्म इंडस्ट्री रामायण से जुड़ी कहानियां बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए उत्सुक है. रणबीर कपूर और यश के साथ मिलकर मशहूर निर्देशक नितेश तिवारी फिल्म 'रामायण' बना रहे हैं. इस रामायण में रणबीर भगवान राम की और यश रावण की भूमिका में नजर आने वाले हैं. सिर्फ नितेश तिवारी ही नहीं निर्देशक प्रशांत वर्मा ने भी उनकी आने वाली फिल्म 'हनुमान' का पैन इंडिया ट्रेलर रिलीज कर दिया है.

ओटीटी पर भी देखने को मिलेंगी पौराणिक कहानियां

टीवी और फिल्मों की तरह ओटीटी प्लेटफार्म ने भी रामायण की कहानी बताने के लिए कमर कस ली है. जल्द ही डिज्नी हॉटस्टार पर शरद केलकर की आवाज में हम 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का तीसरा अध्याय देखने वाले हैं. सूत्रों की मानें तो इस सीरीज के अलावा एमएक्स प्लेयर, प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफार्म भगवान राम से जुड़े कई पुराने शोज एक बार फिर रि- रिलीज करने की योजना बना रहे हैं.

भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जन्मदिन पर फैंस को मिलेगा बड़ा सरप्राइज! फिर साथ दिखेगी ये जोड़ी

जब-जब भोजपुरी सिनेमा का नाम आता है. तब-तब वो तड़कते-भड़कते गाने, बड़े बड़े सुपरस्टार्स के चेहरे, फिल्में और वो विवाद आंखों के सामने से होकर गुजर जाते हैं. जो लंबे समय तक सुर्खियों का हिस्सा बने रहे. भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना चेहरा पवन सिंह 5 जनवरी को अपना जन्मदिन मनाएंगे. जिसके लिए जितना उत्सुक एक्टर होंगे. उससे ज्यादा उनके चाहने वाले नजर आ रहे हैं. हालांकि, पवन सिंह के जन्मदिन से पहले चर्चा हो रही है कि क्या इस खास मौके पर खेसारी लाल यादव भी पहुंचेंगे?भोजपुरी इंडस्ट्री में अगर फिल्मों और गानों से ज्यादा किसी चीज ने लाइमलाइट लूटी है, तो वो कुछ और नहीं बल्कि पवन सिंह और खेसारी लाल का विवाद ही है. हालांकि, सालों पुरानी दुश्मनी तो अब खत्म हो ही चुकी है, ऐसे में फैन्स की उम्मीद है कि, जन्मदिन पर दोनों साथ दिखें.

साथ नजर आएंगे पवन सिंह और खेसारी लाल!

जिस चीज की उम्मीद फैंस न जाने कब से कर रहे थे. वो तो पहले ही हो चुका है यानी खेसारी और पवन सिंह की दोस्ती. जिसके पीछे की वजह रवि किशन को बताया जाता है. अब आप सोच रहे होंगे, दोनों की तरफ से ऐसी तो कोई जानकारी दी नहीं गई है, तो ये बात कहां से निकलकर आ गई?

दरअसल दोनों ही भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार्स हैं. जिनके बिना इस इंडस्ट्री की कल्पना करना तो नामुमकिन सा है. वहीं, दोनों ही अपनी दुश्मनी को लेकर लंबे समय तक चर्चा का विषय भी बने रहे. सालों साल दोनों इंडस्ट्री के लिए एक से बढ़कर एक फिल्में देते रहे, लेकिन 2023 में दोनों की दोस्ती भी हो गई. जिसका हर किसी को इंतजार था. हालांकि, लड़ाई खत्म होने के बाद ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि, दोनों एक बार फिर साथ में नजर आ सकते हैं. वो मौका कोई और नहीं बल्कि पवन सिंह का जन्मदिन ही हो सकता है.

क्यों हुई थी दोनों के बीच लड़ाई ?

हालांकि, दोनों के बीच लंबे समय तक चले विवाद की कोई एक वजह नहीं रही है.

भारत विकास परिषद शाखा समर्पण राष्ट्रगान परिवार ने 75वां गणतंत्र दिवस मनाया

ग्वालियर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारत विकास परिषद शाखा-समर्पण राष्ट्रगान परिवार ने 75वें गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन का कार्यक्रम महाराज बाड़े प्रधान डाकघर प्रांगण में ठीक 8.30 बजे ए.के. सिंह प्रवर अधीक्षक ग्वालियर संभाग के मुख्य अतिथ में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय महासचिव अनूप अग्रवाल थे। इस अवसर पर शाखा मीडिया प्रभारी अशोक गर्ग, ओपी चतुर्वेदी उप अधीक्षक, दिवाकर शर्मा सहायक अधीक्षक, यूसी कटारे सहायक अधीक्षक, रामकुमार गौर पोस्ट मास्टर, श्रीमती मणिका गोयल डिप्टी पोस्ट मास्टर, यूसी चिरगेंयॉ सहायक पोस्ट मास्टर, देवेन्द्र कुमार सुपरवाइजर, वीरेंद्र कुमार, श्रीमती मुस्कान सिंघल मुख्य खजांची, पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह प्रजापति, महेश धीमान, लालाराम रजक, पन्नालाल निरंकारी, महेश अग्रवाल, नरेन्द्र शिवहरे, अशोक पमनानी, कमल रजक, विजय गुप्ता, सुरेश अरोरा, महेश जैसवाल के अलावा काफी संख्या मे सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सर्दी के बचाव के लिए अतिथियों के हाथ से कंबल वितरण भी किया गया। सभी का आभार गुलाब सिंह प्रजापति ने किया। संचालन राष्ट्रगान प्रभारी संजय धवन ने किया।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने मनाया गणतंत्र दिवस

ग्वालियर। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा म.प्र. द्वारा 26 जनवरी को 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा ने सैकड़ों समाज के साथी पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं के साथ आराधना गार्डन लक्ष्मीगंज पर झण्डा वंदन किया झण्डा वंदन के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत का गायन किया गयाइस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एड. धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा ने सभी सामाजिक बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें समाज की एकता को बनाये रखने के लिए निरंतर विभिन्न कार्यक्रम करते रहना चाहिए साथ ही उन्होंने नारी शक्ति को बढावा देने के लिए परिवार में बच्चियों को स्वावलंबी बनाने में शिक्षा एक सशक्त माध्यम है इस अवसर पर बच्चियों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया7 इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री गोपाल सिंह कुशवाहा, एड. संजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव ओम प्रकाश कुशवाहा, जिला अध्यक्ष रामबाबू कुशवाहा, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला महामंत्री लीलाधर कुशवाहा, हेमंत कुशवाह, युवा अध्यक्ष विजय कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, आदि उपस्थित थे ।

कृषि विश्वविद्यालय में मना 75वां गणतंत्र दिवस समारोह

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। माननीय कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया, उसके उपरांत दंत्तोपंत ठेंग?ी सभागार में अपने उद्बोधन में अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि भारत की बदलती हुई तस्वीर को आज हमें और हमारी युवा पीढ़ी को देखने को मौका मिला। इससे देश में एक नई क्रांति आयेगी और हम निरंतर आगे बढते जायेंगे। यह राष्ट्रीय त्यौहार हमें यह सीख देते है कि हमारा अतीत कैसा रहा और भविष्य में कैसे सपने बुनना चाहते है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष में विश्वविद्यालय ने किन-किन उपलब्धियों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा इन उपलब्धियों में हमारे विश्वविद्यालय के समस्त परिवारजन एवं विद्यार्थियों का अतुल्यनीय योगदान रहा है, भविष्य में हम एक ऐसे विश्वविद्यालय का निर्माण करें जो देश ही नहीं वरन् विदेश में भी इसका नाम ऊंचा हो। कार्यक्रम की इसी बेला में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल गान, सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य एवं मोनो एक्टिंग प्रमुख रहे।

कांग्रेस ने 75वां गणतंत्र दिवस तिरंगा फहराकर मनाया

ग्वालियर। भारत का 75वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को कांग्रेस भवन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने झंडावंदन कर मनाया। झंडा वंदन के बाद राष्ट्रगान का गायन कर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तोमर, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव हेवरन सिंह कंषाना, जेएच जाफरी, सरमन राय, संजय सिंह राठौर, चतुर्भुज धनोलिया, इन्द्रजीत सिंह, ओमप्रकाश दुबे, अशोक सिंह सिकरवार, पूरन सिंह कुशवाह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मीनू परिहार, श्रीमती गुंजा जाटव, सेवादल अध्यक्ष हरेसिंह गुर्जर, रामनरेश परमार, अरविंद सिंह, देशराज भार्गव एड, बेताल सिंह गुर्जर, संजय फडतरे, वीरेन्द्र तोमर, प्रताप राव महाडिक, दर्शन लाल मिश्रा, सौरभ जैन, अशोक तरेटिया, शंकर गाबरा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, देवेन्द्र सिंह, अनूप शिवहरे, अब्दुल हमीद, हितेन्द्र यादव, आईटी सेल अध्यक्ष आदित्य सेंगर, पार्षद अंकित कटठल, सुरेन्द्र साहू, संजीव दीक्षित, कुलदीप मगरैया, भूपेन्द्र तोमर, डॉ. राजेश सिंह भदौरिया, श्रीमती गीता गुप्ता, सुनीता तोमर, माया दुबे, महादेवी परमार, साधना श्रीवास्तव, अयुब खान, रमेश चन्द्र भारती, गौरव जैन, ज्योति सिंह, आशा माहौर, राजेश भदोरिया, बाबूलाल, पूरन सिंह सूर्यवंशी, मुन्नालाल खरे, गनपत शाक्य, आसिफ अली, रामबाबू श्रीवास, आलीम खान, जमील खान, गोपाल दास प्रजापति, बुंदू खान, मोनू भटनागर, लक्ष्मण सिंह पाल, चन्द्रशेखर नायक, रामसेवक, नवल सिंह राजपूत, मुस्तफा नकबी, सायरा बानो, श्रीमती गीता शर्मा, मुकेश कुशवाह, रघुराज सिंह बघेल, इरफान खान, प्रीतम सिंह बघेल, हेतराम सिलोटिया, राशिद उस्मानी, राजू बाथम, नबाव मुमताज अहमद खान, धीरज शर्मा, अशोक कश्यप, राकेश सिंह परिहार, केदार सिंह किरार, गगन गोस्वोमी, दिनेश सिंह चैहान, सोनू सिंह राजावत, राकेश बाथम, नंदकिशोर कदम, सोनू राव, एम.एम. अंसारी, सुभाष गुप्ता सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष हमीद खां उस्मानी ने किया।

मजदूर सेवार्थ पाठशाला में मनाया गया गणतंत्र दिवस

विद्या दान सबसे बड़ा दान

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय स्थित मजदूर सेवार्थ पाठशाला में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश चाकणकर जिला योग प्रभारी एवं प्रांत संयोजक सेवा गाथा तथा अध्यक्षता हेमंत त्रिवेदी जिला संपर्क व्यक्ति आनंद विभाग रहे । इस कार्यक्रम में बच्चों ने राष्ट्र प्रेम एवं हमारे संस्कृति पर आधारित बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी ।मुख्य अतिथि चाकणकर ने देश हमें देता है सब कुछ गीत गाते हुए उपस्थित जन समुदाय से समाज व राष्ट्र के लिए समर्पण की अपील की तथा बच्चों को आगे बढ़ाने और अपने देश अपने माता-पिता एवं समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया । अवसर पर इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बच्चों को स्टेशनरी बिस्किट तथा मिष्ठान वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि मजदूर सेवार्थ पाठशाला की स्थापना जून 2020 में शासकीय शिक्षक श्री बृजेश शुक्ला द्वारा की गई थी इस पाठशाला के द्वारा शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ा जाता है और उन्हें स्वावलंबन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है ग्वालियर जिले तथा दतिया जिले में इस तरह की 12 पाठशालाएं हैं गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में पाठशाला के शिक्षक श्री रामहित रजक को सम्मानित किया गया साथ ही ब्लॉक स्तरीय गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में पाठशाला की शिक्षिका कुमारी नितेश बघेल एवं श्रीमती पूजा मांझी को डबरा में सम्मानित किया गया7 कार्यक्रम में पाठशाला के संचालक बृजेश शुक्ला, वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक मुद्गल, हरेंद्र नागर, श्रीमती प्रीति शुक्ला, श्रीमती नंदनी उपाध्याय, श्रीमती पूनम भारद्वाज, मुकेश चंदेल, मतेंद्र शर्मा तथा बच्चों के पालक उपस्थित थ

रागायन और स्वर संस्कार संगीत गुरूकुल का संगीत समारोह रविवार को गंगादास की शाला पर

रागायन
SANSKAR MUSIC
PERFORM
IPLES OF SWA

ग्वालियर। महानगर की प्रतिष्ठित संगीतिक संस्थाएं रागायन और स्वर संस्कार संगीत गुरूकुल के संयुक्त तत्वाधान में शास्त्रीय संगीत को बढावा देने 28 जनवरी रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से सिद्धपीठ गंगादास की बडी शाला में एक दिवसीय संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये गंगादास की बडी शाला के महंत स्वामी रामसेवक दास जी महाराज, स्वर संस्कार संगीत गुरूकुल के गुरू संजय देवले ने बताया कि 28 जनवरी रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से सिद्धपीठ श्री गंगादास की बडी शाला लक्ष्मीबाई कालोनी में एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं दत्त भगवान के पूजन से होगा। इसके बाद स्वर संस्कार संगीत गुरूकुल के चुनिंदा छात्र खास बंदिशों की प्रस्तुति देंगे। समारोह का समापन मुख्य कलाकार और जानी मानी गायिका श्रीमती सुलेखा भटट के खयाल गायन से होगा। श्रीमती सुलेखा भटट गायिका स्वर्गीय डा वीणा सहस्त्रबुद्धे की शिष्या हैं। इन प्रस्तुतियों में तबले पर डा मनीष करवडे, मुकेश पाल एवं वायलिन पर अंकुर धार संगति करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ संगीत साधक पंडित श्रीराम उमडेकर होंगे। जबकि समारोह की अध्यक्षता महंत स्वामी रामसेवक दास जी महाराज करेंगे।इससे पूर्व आज शनिवार को स्वर संस्कार संगीत गुरूकुल द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक आनलाइन और आफलाइन संगीत कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अतिथि गुंज एफएम रेडियो की निदेशक श्रीमती कृति सिंह एवं पत्रकार अर्पण राउत थे। कार्यशाला में श्रीमती सुलेखा भटट ने विद्यार्थियों को ग्वालियर घराने की वरिष्ठ संगीत साधिका स्व डा वीणा सहस्त्रबुद्धे द्वारा रचित राग भैरव,भूपाल तोडीऔर बागेश्री की बंदिशों और उनके सौंदर्यबोध की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में लगभग 45 विद्यार्थी ऑफलाइन मझैजूद रहे। जबकि 80 विद्यार्थी देश और दुनियां के अलग अलग शहरों से जुडे। समारोह के तहत शनिवार की शाम को गुरूकुल के विद्यार्थी चुनिंदा बंदिशों की प्रस्तुति देंगे। इस सभा में विवेक जोशी एवं जीवाजा विश्वविद्यालय के कुल सचिव अरूण चौहान अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि महानगर की रागायन और स्वर संस्कार गुरूकुल संस्था संगीत के लिए प्रतिबद्ध है और वह नये बच्चों को शास्त्रीय संगीत के लिए मंच भी उपलब्ध कराती है। वही उनका मानना है कि यह कार्य वह बिना शासकीय सहायता से कर रही है। उनका मानना है कि यदि सरकार सहायता दे तो वह खयाल गायिकी को और आगे बढा सके। खयाल गायिकी और ध्रुपद गायिकी ग्वालियर घराने से ही निकली है।

एमपी में 730 स्कूल पीएमश्री स्कूल के रूप में होंगे विकसित


PM SHRI
Pradhan Mantri Schools for Rising India
Creating holistic and well-rounded individuals equipped with key 21st Century skills

भोपाल 7 प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिये 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें 313 विकासखंडों में 626 और नगरीय निकायों में 104 सरकारी स्कूलों को विकसित किया जा रहा है। यह स्कूल राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हो रहे हैं।केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रथम चरण में चयनित 416 विद्यालयों की योजना के लिये 219 करो? रूपये की कार्ययोजना को मंजूरी दी गई है। चयनित इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। चयनित स्कूल में लैब, लाइब्रेरी, व्यावसायिक शिक्षा, आई.सी.टी. लैब और अटल टिकरिंग लैब भी बनाई जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरकारी स्कूलों में आई.सी.टी. लैब की स्थापना को प्राथमिकता दी जा रही है। नई शिक्षा नीति में डिजिटल एजुकेशन को महत्वपूर्ण माना गया है। प्रदेश के 2350 सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर लैब स्थापित की जा चुकी हैं। लैब में 10 कम्प्यूटर, स्मार्ट टीवी और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदाय किये जा रहे हैं। रोबोटिक एवं कोडिंग तकनीक सिखाने के लिये भोपाल जिले के 5 सीएम राइज स्कूलों में पायलेट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। प्रदेश के 104 सरकारी स्कूलों में रोबोटिक लैब स्थापित की जा रही है।

राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 31 को मुरैना में, सीएम यादव होंगे मुख्य अतिथि

ग्वालियर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 जनवरी को मुरैना में प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दो लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनूपपुर, बड़वानी, दमोह तथा छतरपुर के एक-एक हितग्राही से सीधा संवाद भी करेंगे। शेष जिला मुख्यालयों में इसी दिन जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि ने भोपाल में बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूप रेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित कर कार्यक्रम संपादित किया जायेगा, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा। जिला स्तरीय रोजगार दिवस आयोजन में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में लाभान्वित हुये हितग्राहियों को तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा।इन कार्यक्रमों में हितग्राहियों को स्वीकृति / वितरण पत्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगें।मुरैना में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रमों में दिखाने की व्यवस्था की जायेगी। उल्लेखनीय है कि रोजगार दिवस के आयोजन का उद्देश्य केंद्र तथा राज्य शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के माध्यम से 2 लाख से अधिक युवाओं को प्रतिमाह ऋण वितरण कर स्वरोजगार स्थापित करवाने का है।

बाल भवन में गूँजे देशभक्ति के तराने और लोकधारा भी बही

ग्वालियर। भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की सांध्य बेला में बाल भवन में आजादी के तराने गूँजे तो लोक रंग से सम्पूर्ण परिसर सराबोर हो गया। यहाँ बात हो रही है ÷भारत पर्व÷ की। गणतंत्र दिवस की सांध्य बेला में ÷भारत पर्व÷ के तहत बाल भवन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भारत पर्व में भोपाल से धनंजय नागर के निर्देशन में साथी कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण एवं आजादी के तराने और गुना से आए संजीव शर्मा के निर्देशन में आए 10 लोक कलाकारों ने ÷भील-भगौरिया÷ नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही स्थानीय संयोगिता नृत्य अकादमी, नारायणा ई-टेक स्कूल व देहली पब्लिक अकादमी स्कूल के बच्चों ने भी मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी आर के जैन, अपर कलेक्टर टी एन सिंह, संयुक्त कलेक्टर संजीव जैन व आर ए प्रजापति, एसडीएम विनोद सिंह, डिप्टी कलेक्टर मुनीष सिंह सिकरवार, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार, उपायुक्त नगर निगम शिशिर श्रीवास्तव व नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा आई ए जैदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। भारत पर्व का आयोजन राज्य शासन के संस्कृति विभाग के स्वराज संचालनालय के तत्वावधान में जिला प्रशासन, जनसंपर्क विभाग एवं नगर निगम के सहयोग से किया गया। गुना से आए लोक कलाकारों ने जब ÷भील भगौरिया÷ नृत्य प्रस्तुत किया तो सम्पूर्ण प्रांगण लोक रंगों से सराबोर हो गया। कलाकारों ने अपनी भाव-भंगिमाओं से धार-झाबुआ क्षेत्र के प्रसिद्ध भगौरिया नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोपाल से आए कलाकारों ने आजादी के दौरान व देश पर आए संकट के समय जन मानस में देशभक्ति का जज्बा भरने का माध्यम बने नगमे पेश किए। कलाकारों ने जब ÷मेरा रंग दे बसंती चोला÷ का गायन किया तो बाल भवन के ऑडिटोरियम में मौजूद सुधीय दर्शक ख? होकर थिरकने लगे। इसके अलावा उन्होंने ÷जिस डाल डाल पर सोने की चि?याँ करती हैं बसेरा÷ सहित अन्य देशभक्तिपूर्ण गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। भारत पर्व की शुरूआत संयोगिता नृत्य अकादमी की प्रशिक्षित बाल नृत्यांगनाओं द्वारा कत्थक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत गणेश वंदना ÷गाईए गणपति जगवंदन÷ से हुई। दादरा ताल में रूद्राष्टकम प्रस्तुति में नृत्यांगनाओं ने शिवजी के स्वरूप को प्रस्तुत किया। इसके बाद देहली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनोहारी कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क?ी में ई-टेक नारायणा स्कूल के बच्चों द्वारा नृत्यमय राम स्तुति प्रस्तुत की।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478